●वर्ष : 16 ●अंक : 163 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 01 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# वक्फ बिल के चलते हिंसा का अंदेशा!



## दिल्ली में कई जगहों बीएनएस की धारा 163 लागू

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली** वक्फ बोर्ड और वक्फ बिल को लेकर अमित शाह के बयान पर घमासान छिड़ चुका है। मुस्लिमों ने अमित शाह के वक्फ बिल का विरोध करने वाले बयान पर ऐतराज जताया है। उनके बयान को लेकर कहा गया कि ये डराने वाला है। वहीं दिल्ली में कई जगहों पर भारतीय न्याय संहित की धारा 163 लागू कर दी गई है। यह नई दिल्ली, मध्य दिल्ली, उत्तरी दिल्ली और सभी दिल्ली सीमाओं जैसे क्षेत्रों में 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। दिल्ली पुलिस कमिश्नर की ओर से आदेश जारी किया गया है, जिसमें इस दौरान किसी भी विरोध या प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है। गौरतलब है कि किसी को भी हथियार ले जाने की इजाजत नहीं है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक, ईदगाह मुद्दे और दो राज्यों में आगामी चुनावों से संबंधित संभावित व्यवधानों के इनपुट के कारण, राष्ट्रीय राजधानी में धारा 163 लागू की गई है। पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। हरियाणा के गुरुग्राम में रैली को संबोधित करते हुए वक़्फ बिल पर गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान दिया है। अमित शाह ने कहा कि, 'शीतसत्र में वक़्फ संशोधन बिल पास हो जाएगा और जिनको इससे परेशानी है वो इस कानून के पास होने के बाद सीधे हो जाएंगे।

## अमित शाह का ऐलान, शीतकालीन सत्र में पारित होगा वक्फ बिल

### विरोध करने वाले सीधे हो जाएंगे

नूना न्यूज एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस साल के अंत में शीतकालीन सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पारित करने की कसम खाई। हरियाणा में एक चुनावी सभा के दौरान शाह ने कहा कि कानून बनने के बाद इसका विरोध करने वाले लोग सीधे हो जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा कानून से समस्या है। हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले महीने कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है। गृह मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का कानून बहुत सारी समस्याएं पैदा कर रहा है ना? इस शीतकालीन सत्र में हम सुधार कर इसे दुरुस्त कर देंगे। वक्फ बिल पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि देश के मुसलमान इस बिल का स्वागत करेंगे। मुसलमानों की लंबे समय से मांग थी कि वक्फ कानून में संशोधन किया जाए क्योंकि वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य मौजूदा बिल का इस्तेमाल कर लूट कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने इसका इस्तेमाल वोट बैंक की राजनीति के लिए किया। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि अब उम्मीद है कि सभी को फायदा होगा। आप ओवेसी और मदनी साहब का दर्द और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों का दर्द देख सकते हैं जिन्होंने वक्फ संपत्तियों को लूटा है। वे चाहते हैं कि यह बिल न आए ताकि उन्हें ये संपत्तियां न गंवानी पड़े। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि उन्होंने पाकिस्तान में बैठे अपने लोगों से इस बिल को लेकर (भारत सरकार को) ईमेल करवाया है।' जिस तरह से वे हमारे आंतरिक मामलों को देश के बाहर ले जाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, इस पर मैंने पीएम को पत्र लिखकर इसकी जांच कराने को कहा है।

### भगवान को राजनीति से दूर रखें

## सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र सरकार से पूछे कई सवाल

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तिरुमाला के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद के रूप में परोसे जाने वाले लड्डू बनाने के लिए जानवरों की चर्बी का उपयोग करने के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से कहा कि वह भगवानों को राजनीति से दूर रखे। अदालत ने कहा कि कम से कम देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पूछा कि क्या जो घी सही नहीं पाया गया, उसका इस्तेमाल प्रसादम के लिए किया जाता है? राज्य सरकार ने जवाब दिया कि वह इस मामले की जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह गुरुवार को तिरुपति देवस्थानम मंदिर प्रसाद मामले की सुनवाई करेगा। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब जांच चल रही हो तो संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हों। सुसुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह गुरुवार को तिरुपति देवस्थानम मंदिर प्रसाद मामले की सुनवाई करेगा। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब जांच चल रही हो तो संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हों। सुप्रीम कोर्ट ने तब पूछा कि आपको तुरंत प्रेस में जाने की क्या जरूरत है क्योंकि आपको धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की जरूरत है। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि लैब रिपोर्ट से पता चलता है कि जिस घी की जांच की गई थी, वह रिजेक्टेड घी था. शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश से पूछा कि एसआईटी जांच का आदेश देने के बाद प्रेस में जाने की क्या जरूरत है। सुब्रमण्यम स्वामी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कहा कि वह एक भक्त के रूप में यहां हैं और प्रसादम में प्रदूषण के बारे में प्रेस में दिए गए बयान के दूरगामी प्रभाव हैं और यह कई अन्य मुद्दों को उठा सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ये चिंता का विषय हैं। अगर भगवान के प्रसाद पर सवालिया निशान है तो इसकी जांच होनी चाहिए।

### ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

साल 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे। अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, "यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है।" गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए। भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया। लेकिन जिसे मुख्यधारा की राजनीति कहते हैं, उसने स्वच्छता के गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया। इन संदर्भों में देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने अहम जिम्मेदारी संभालते हुए स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा। लेकिन मोदी ने ना सिर्फ शौचालय क्रांति की, बल्कि इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को खुद ही फावड़ा और झाड़ू उठा लिया।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## आज दिल्ली की सड़के बिहार में लालू यादव के जमाने की सड़कों की याद दिला रही हैं: वीरेन्द्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दस साल सड़कों को बर्बाद करने वाले, कोई रखरखाव ना करने वाले चुनाव अधिसूचना से लगभग 10 हफ्ते पहले जाग कर सड़कें गड्ढा मुक्त करने के दावे कर रहे हैं। यह लोक निर्माण विभाग जिसका काम था सड़कें ठीक रखना वह कभी लम्बे समय तक केजरीवाल सरकार के सबसे भ्रष्ट चेहरे सत्येंद्र जैन की जागिर रहा और फिर उनके लक्ष्मण मनीष सिसोदिया पर तो अब एक साल से केजरीवाल सिसोदिया के इशारे पर चलने वाली मंत्री आतिशी मालेर्ना पर रहा जो अब मुख्य मंत्री हैं। सच तो यह है दिल्ली की सड़कों के दिल्ली वालों के चार बड़े दोषी हैं केजरीवाल, जैन, सिसोदिया एवं मालेर्ना और आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली वाले इनको पूरी तरह नाकार देंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली कि सड़कों को बर्बाद करने में दिल्ली जल बोर्ड एवं लोक निर्माण विभाग के सीवर एवं नालों की सफाई ना करने का भ्रष्टाचार भी दोषी है जिस कारण दिल्ली की सड़कों पर हर वर्ष भारी जलजमाव होता रहा है और सड़की ना सिर्फ खराब हुई बल्कि खोखली हो कर दिल्ली भर में धंसी भी। आज दिल्ली की सड़के बिहार में लालू यादव के जमाने की सड़कों की याद दिला रही हैं। सचदेवा ने कहा है कि अब आतिशी मालेर्ना एवं उनके मंत्री जितनी मर्जी इंस्पेक्शन नौटंकी कर लें, थोड़ी बहुत सड़कों की लीपा पोती कर लें पर दिल्ली की जनता अब माफ नही करेगी और मालेर्ना सरकार को केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता की सजा देगी।

## गजरौला में प्रॉपर्टी डीलर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या


लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**गजरौला।** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के एफसीआई गोदाम के निकट एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई, पुलिस ने आरोपी को भागते समय दवोच लिया, बता ते चले कि गांव चकनवाला निवासी हाल पता मोहल्ला मायापुरी निवासी 50 बार्शीय विक्रम सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, सूचना पाकर मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंच गए, वहीं पुलिस ने घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक आरोपी को धर दबोचा, इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताव भास्कर ने बताया कि प्रॉपर्टी का विवाद सामने आ रहा है तथा आरोपी बिजनौर के शिवाला कला निवासी अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, घटना क्षेत्र के एफसीआई गोदाम के निकट सुबह 11बजे की है, वही मौके पर पहुंचे परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है मामला प्रॉपर्टी के विवाद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है लेकिन इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## तमंचे की नोक पर युवती के साथ गैंगरेप, पीड़िता ने दी तहरीर

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**गजरौला।** रात को घर में सो रही 20 वर्षीय युवती को तमंचे की नोक पर तीन युवक उठा ले गए और गंगा किनारे ईख के खेत में युवती के साथ गैंगरेप किया, तथा उसके हाथ पैर बांधकर वहीं छोड़ गए, घटना 26 सितंबर की रात की है जिसकी तहरीर युवती द्वारा 29 सितंबर की रात को गजरोला थाने में दी गई है, गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने तीन युवकों के खिलाफ गैंगरेप करने की तैहरीर दी है, जिसमें युवती ने बताया कि 26 सितंबर की रात को वह घर में सो रही थी रात को लगभग 1 बजे आरोपी घुस आए और तमंचे की नोक पर मुझे अपने साथ ले गए तथा गंगा किनारे एक के खेत में हाथ पैर बांधकर तीनों ने बारी-बारी से मेरे साथ बलात्कार किया, वही मेरे दुपट्टे से ही हाथ पैर बांध दिए, युवती के पिता की मौत हो चुकी है तथा युक्ति की मां और एक भाई है, युवती ने बताया कि आरोपियों ने इकलौते भाई को जान से मारने तथा मुझे जान से मारने की धमकी दी है उन्होंने कहा है कि यदि इस घटना के बारे में किसी से बताया तो तेरे भाई को और तुझे जान से मार देंगे, वही परिवार के लोग ग्रामीणों के साथ युवती को ढूंढते हुए पहुंचे तो युवती ईख के खेत में पड़ी हुई मिली, वही तहरीर में युवती ने बताया कि वह डरी हुई थी तथा अब हिम्मत जुटा कर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है, वही इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताव भास्कर ने बताया कि मामला संगीन है आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच जारी है और आरोपियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

## कांग्रेस दलित विरोधी है, नहीं तो कुमारी सैलजा को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करेः स्मृति ईरानी

नूना न्यूज एजेंसी



**रोहतक।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने सोमवार को रोहतक स्थित भाजपा के प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया से हरियाणा की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को दलित विरोधी, किसान विरोधी, भ्रष्टाचारी बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा का विधानसभा चुनाव उपलब्धियों और अपेक्षाओं का महोत्सव है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस बात पर गर्व करते हैं कि भाजपा की सरकार ने हरियाणा की वीर भूमि में विकास के कई आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गरीब वर्ग का हर व्यक्ति अपने परिवार के बेहतर स्वास्थ्य और संरक्षण के लिए आयुष्मान भारत योजना का सहयोग प्राप्त कर सके, इस मंशा से 1 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड मुहैया कराए गए। अब तक हरियाणा में लगभग 82,000 नागरिकों ने आयुष्मान भारत योजना के 5 लाख रुपये की राशि का लाभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की ओर से प्राप्त किया है। प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, हरियाणा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, जिला मीडिया प्रभारी सन्नी शर्मा आदि मौजूद रहे।

ईरानी ने कहा कि उनके लिए गौरव का विषय है कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से लगभग 11 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जोड़ा गया है और स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ ईंधन 11 लाख परिवारों को सुनिश्चित कराया जा चुका है। महिलाओं के सम्मान के लिए जहां हरियाणा में ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्व योजना का शुभारंभ हुआ, वहीं स्वच्छ भारत योजना के अंतर्गत पारिवारिक और शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करने हेतु शौचालय बनाने की व्यवस्था के लिए मोदी सरकार ने 5000 करोड़ की व्यवस्था हरियाणा के लिए मुहैया कराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प और स्वप्न है कि हर परिवार के पास अपना एक घर हो, इसी को पूरा करने के लिए 1 लाख 15 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर भी उपलब्ध कराए गए।

### ›› किसान हितैषी रही है भाजपा की सरकार

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा के जुझारू, मेहनती और प्रगतिशील किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत सालाना 6000 रुपए मुहैया कराए गए, जिसका लाभ 15 लाख किसानों तक पहुंचा। अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और हरियाणा की भाजपा सरकार के समन्वय से डीबीटी के माध्यम से हरियाणा के नागरिकों के पास 74,680 करोड रुपए पहुंच चुके हैं। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के माध्यम से अब तक हरियाणा में किसानों को 12,500 करोड रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है, जबकि कांग्रेस के समय में मात्र 1100 करोड़ का मुआवजा दिया गया था। इसके अतिरिक्त गेंहू के एमएसपी को भी 1350 रुपए से बढ़ाकर 2275 रुपए कर दिया गया।

### ›› महिला सशक्तिकरण है भाजपा का लक्ष्य

श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हर महीने के 2100 रुपए मुहैया कराया जाएंगे, और 10 नए औद्योगिक शहरों का विकास कर युवाओं को नौकरियां मुहैया कराई जाएंगी। अव्वल बालिका योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में जाने के लिए स्कूटर मुहैया कराए जाएंगे। श्रीमती ईरानी ने विश्वास जताया कि इन संकल्पों के साथ भाजपा आम जनता के समर्थन से तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही है।

### ›› कांग्रेस दलित विरोधी, नहीं तो सैलजा को घोषित करे मुख्यमंत्री उम्मीदवार

स्मृति ईरानी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी दलित हितैषी है तो कुमारी सैलजा को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित करती? राहुल गांधी द्वारा शैलजा और हुड्डा के हाथ मिलवाए जाने से संबंधित पूछे गए एक अन्य सवाल पर स्मृति ईरानी ने कहा कि सैलजा और हुड्डा के हाथ मिले, क्या उनके दिल भी मिले क्या? उन्होंने कहा कि फोटो के लिए हाथ मिला लेने से उनके दिल नहीं मिल सकते हैं। राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह कहते हैं कि उनकी यात्रा का परिणाम अच्छा हुआ था, लेकिन उसी यात्रा के परिणामस्वरूप आज वे विपक्ष में बैठे हैं।

## पीड़िता की पहचान उजागर होने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### सीबीआई जांच पर जताई संतुष्टि

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर से रेप और फिर मर्डर केस में स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई शुरू कर दी है। सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा प्रस्तुत स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा की, जिसे मामले की जांच का काम सौंपा गया है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई ने पर्याप्त प्रगति की है, चल रही जांच में कई प्रमुख सुराग सामने आ रहे हैं। अदालत ने भी हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया लेकिन न्याय सुनिश्चित करने के लिए गहन और त्वरित जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। इससे पहले, जूनियर डॉक्टरों ने दावा किया था कि वे 30 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में आरजी कर मामले की सुनवाई के दौरान कार्यस्थलों पर उनकी सुरक्षा पर राज्य सरकार की दलील को देखने के बाद पूरी तरह से 'काम बंद' करने का फैसला करेंगे। उनका यह फैसला शुक्रवार रात कोलकाता के पास कॉलेज ऑफ मेडिसिन और सगोरे दत्ता अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद तीन डॉक्टरों और तीन नर्सों पर हमले के बाद लिया गया। चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल में हमलों से पता चला है कि राज्य सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के वादे को पूरा करने में पूरी तरह से विफल रही है। जूनियर डॉक्टरों में से एक ने कहा कि राज्य सरकार हमें सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरह से विफल रही है और यही कारण है कि सगोर दत्ता अस्पताल में हमला हुआ। हम राज्य को कुछ समय दे रहे हैं और सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान हमारी सुरक्षा के संबंध में उनकी दलीलें सुनना चाहते हैं। फिर शाम 5 बजे से, हम पूरे बंगाल के सभी अस्पतालों में पूरी तरह से 'काम बंद' शुरू कर देंगे।

# दिल्ली

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पेट्रोल पंप पर चलाया जागरूकता अभियान



मतदान जागरूकता अभियान चलाते हुए स्वीप के मास्टर ट्रेनर सुरेश शर्मा।

**ऐलनाबाद :** विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी व उपमंडल अधिकारी ना. ऐलनाबाद राजेश कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के अभियान को पूरा करने के लिए ऐलनाबाद विधानसभा में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वीप के मास्टर ट्रेनर प्रवक्ता सुरेश शर्मा ने बताया कि मतदाताओं को मत के प्रति जागरूक करने के मकसद से आज जिला प्रशासन के आदेशानुसार ऐलनाबाद के पेट्रोल पंप पर मतदान जागरूकता अभियान के तहत पेट्रोल पंप कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता से संबंधित टी शर्ट व मतदान का सिंबल प्रदान किया गया। इस अवसर पर पेट्रोल पंप पर आने वाले उपभोक्ताओं को मतदान जागरूकता संबंधी स्टीकर भी प्रदान किए गए। 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में निस्वार्थ भाव से अपने-अपने मताधिकार का मतदान करने की अपील की। उन्होंने पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों व उपभोक्ताओं को मत जागरूकता अभियान के तहत प्रेरित करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति का वोट अत्यंत कीमती है। इसलिए प्रत्येक मतदाता अपना मतदान अवश्य डालें।

## शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में करवाया सैमीनार



सैमीनार में संबोधित करते हुए वक्ता।

**ऐलनाबाद :** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के 117वें जन्म दिन के मौके बाबा सोहन सिंह भकना हाल संतनगर में नौजवान भारत सभा व जमहूरी अधिकार सभा, हरियाणा की तरफ से एक सैमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता गुरविंदर सचिव, पीएसयू (ललकार) ने भगत सिंह के जीवन, एतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके वैचारिक विकास व मौजूदा समय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने अपने छोटे से जीवन के शुरूआती पड़ाव में ही समाज में आर्थिक वर्गीय विभाजन को पहचानना शुरू कर दिया था। उनके घर आजादी संग्रामियों का आना जाना था, उनके पिता और चाचा सभी उस समय चल रहे आजादी के संघर्ष में हिस्सा ले रहे थे। यही कारण था की भगत सिंह बहुत कुछ सीख रहे थे। उन्होंने समाज में शोषक और शोषित वर्गों के बीच निशानदेही कर ली थी। आगे चलकर भगत सिंह ने बर्तानवी साम्राज्यवादियों के साथ और खिलाफ दोनों पक्षों को भारतीय जनता के सामने स्पष्ट किया। आज के समय इन तमाम बुराइयों से मुक्ति के लिए शहीद भगत सिंह के विचार हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। इनके बाद हीरा सिंह सिरसा, मास्टर मुख्तियार सिंह, मास्टर कुलवंत सिंह व मैडम इंद्रजीत कौर द्वारा क्रांतिकारी कविताएं व गीत पेश किए गए। जमहूरी अधिकार सभा हरियाणा के प्रधान डाक्टर सुखदेव ने सबका आभार व्यक्त किया। मंच संचालन दविन्द्र रानियां ने किया। इसके बाद नारों के साथ मार्च निकाला गया और एकत्रित लोगों को नौजवान भारत सभा के परमजीत द्वारा संबोधन किया गया।

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में मॉक पोल

**सिरसा**

चुनाव पर्यवेक्षक जी क्रिस्ट किशोर कुमार ने रविवार को स्थानीय चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के अंबेडकर भवन में कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में मॉक पोल करवाया। इस दौरान राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की सहमति से रेंडमली 12 ईवीएम मशीनें निकलवाई गई और मॉक पोल करवाया गया। चुनाव पर्यवेक्षक जी क्रिस्ट किशोर कुमार ने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा सभी तैयारियां चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 5 अक्तूबर को सुबह 7 बजे मतदान शुरू होगा तथा इससे 90 मिनट पूर्व मॉक पोल करवाना अनिवार्य है। माइक्रो ऑब्जर्वर मॉकपोल के समय अपने बूथ पर उपस्थित रहें। मॉकपोल में कम से कम 50 वोट डलवाने अनिवार्य होते हैं। मॉकपोल के दौरान मतदान पार्टी का कोई भी सदस्य मतदान केंद्र के बाहर नहीं आएगा।



चुनाव पर्यवेक्षक मॉक पोल करवाते हुए।

## रोटरी क्लब सिरसा सीनियर ने पौधारोपण कर दिया सामाजिक संदेश



पौधारोपण करते क्लब पदाधिकारी।

**रानियां:** रोटरी क्लब सिरसा सीनियर के वरिष्ठ सदस्य अनिल कामरा का जन्मदिन क्लब पदाधिकारियों ने पर्यावरण को समर्पित करके मनाया। क्लब के अध्यक्ष विष्णु सिंगला ने बताया कि अनिल कामरा के जन्मदिन पर समस्त क्लब पदाधिकारी व सदस्य आईटीआई के समक्ष स्थित आरकेजे वाणी विकलांग केंद्र पहुंचे और वहां के बच्चों में मिठाई, बिस्कुट व फलाहार वितरित कर केक कटवाया गया। साथ ही क्लब पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर न केवल अनिल कामरा के साथ पौधारोपण किया बल्कि पौधेयुक्त 20 गमले संस्थान को सौंपे। क्लब अध्यक्ष विष्णु सिंगला ने बताया कि क्लब द्वारा हमेशा अपने सामाजिक कर्त्तव्यों के प्रति पूरी तरह से सजग है और सदैव ऐसे कार्यों के लिए समर्पित रहता है। इस सामाजिक कार्य में रोटरी क्लब सिरसा सीनियर के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26 भूपेश मेहता, क्लब के पूर्व गवर्नर डॉ. सुभाष नरूला, क्लब अध्यक्ष विष्णु सिंगला, राजेश खट्टर, देवेंद्र मिगलानी, मुनीष मेहता, क्लब के पूर्व अध्यक्ष रिछपाल सिंह पंधु के एडवोकेट, सुरेश गोयल, डॉ. मोहर सिंह, दिनेशराय टांटिया एडवोकेट, सुखविंद्र दुग्गल एडवोकेट, राजेश फुटेला, जगसीर मालवा आदि मौजूद थे।

## राजस्थान परिवर्तनकारी युग की दहलीज पर, विकास और समृद्धि के लिए हमारे पास एक नया दृष्टिकोण: मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा

**नई दिल्ली, 30 सितंबर 2024:** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत आज देश की राजधानी नई दिल्ली में इन्वेस्टर मीट का सफलतापूर्वक आयोजन माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस इन्वेस्टर मीट के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन और विभिन्न कंपनियों के बीच 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश संबंधी एमओयू (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए। आज हुए एमओयू के साथ, प्रदेश में निवेश के लिए किए गए एमओयू (MoUs) का कुल मूल्य 12.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो 2047 तक राज्य को विकसित राजस्थान में बदलने के राजस्थान सरकार के प्रयासों में निवेशक और व्यापार समुदाय के दृढ़ विश्वास को





दशार्ता है। दिल्ली में आयोजित इस इन्वेस्टर मीट में माननीय मुख्यमंत्री श्री शर्मा के अलावा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अजिताभ शर्मा और राजस्थान सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

**>> कई बड़ी कंपनियों से किया गया एमओयू**

इस इन्वेस्टर मीट में उद्योग एवं व्यापार जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुए और इस दौरान अक्षय ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन, तेल और गैस, सीएनजी, लॉजिस्टिक्स, एग्रोटेक जैसे कई क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू (MoUs) किया गया। प्रदेश में निवेश के लिए जिन प्रमुख कंपनियों और औद्योगिक समूहों ने सरकार के साथ एमओयू MoUs किया, उनमें टाटा पावर, इंडियन ऑयल, अवाडा ग्रुप, एनएचपीसी, रिलायंस बायो एनर्जी, टोरेंट पावर, स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन, महिंद्रा सस्टेन प्राइवेट लिमिटेड, टीएचडीसी इंडिया, ऑयल इंडिया, जिंदल रिन्यूएबल पावर, एस्सार रिन्यूएबल्स, इंद्रप्रस्थ गैस, अडानी लॉजिस्टिक्स, जेके सीमेंट, बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स जैसी कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

## नैशनल शो में रानी पद्मावती के रूप में शो स्टापर - सिद्धि जौहरी

**देहरादून।** फैशन वीक एंड लाइफ़स्टायल शो में जोधपुर की मिसज इंडिया सिद्धि जौहरी ने ओपनिंग डे पर रानी पद्मावती के रूप में रजवाड़ी संस्कृति को भारत वर्ष में प्रस्तुत किया। पद्मावती थीम पर इस कॉन्सेप्ट में रानी पद्मावती की वीरता की कहानी दिखायी गयी जिस में सिद्धि जौहरी शो स्टापर रही और राजस्थान की संस्कृति, गहने, परिधान को नैशनल लेवल पे दिखाया गया। देश भर के विख्यात डिजाइनर और सिलेब्रिटीज को रानी पद्मावती की वीरता और आत्मसम्मान की कहानी दिखायी गयी और देश भर से आए डिजाइनर्ज. ने राजस्थानी पहनावे की बहुत प्रशंसा की। जोधपुर के मारवाड़ी रजवाड़ी आउट्लेट की डिजाइनर रश्मि मधुसूदन चौहान ने इस शो की सारी पोशाकें डिजाइन की। महिला सशक्तिकरण की राष्ट्रीय ब्रांड ऐम्बैसडर सिद्धि जौहरी यूथ आइकॉन हैं और वो चाहती हैं कि युवा पुरानी संस्कृति से जुड़े रहें और अपने



संस्कार हमेशा याद रखें और गर्व के साथ पूरे विश्व मैं अपना कल्चर प्रमोट करें। इससे राजस्थान टूरिज्म को भी प्रोत्साहन मिलता है और डिजाइनर्ज. को भी अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिलता है। राजस्थानी पारम्परिक परिधान देख देश विदेश आए सभी डिजाइनर और गेस्ट्स आकर्षित हुए। इस मौके पर देश भर के काफी डिजाइनर और माडल्स ने हिस्सा लिया।

## एमईआईएल और सुधा रेड्डी फाउंडेशन द्वारा पिंक पावर रन का आयोजन

### धावकों की एक विशाल पक्षी- आकार की मानव श्रृंखला बनाई गई

**>> रेवंत रेड्डी ने स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने का संकल्प लिया**

**संवाददाता**

**राष्ट्रीय - 29 सितम्बर 24।** भारत में स्तन कैंसर की बढ़ती घटनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, MEIL (मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड) और सुधा रेड्डी फाउंडेशन ने 29 सितंबर को हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम परिसर में एक मेगा





मैराथन,पिंक पावर रन 2024 का आयोजन किया। इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में स्वास्थ्य और शीघ्र पता लगाने के महत्व पर जोर देते हुए मैराथनकताओं को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम ने स्तन कैंसर के मिथकों को दूर करने, शीघ्र पता लगाने और उपचार की पहल को बढ़ावा देने और अदम्य मानवीय भावना का जश्न मनाने के लिए जीवन के सभी क्षेत्रों से हजारों लोगों को एक साथ लाया। पिंक पावर रन में 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी की दौड़ श्रेणियां शामिल थीं, जिसमें कैंसर से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध प्रतिभागियों की एक बड़ी संख्या शामिल थी। प्रवेशकों को विशेष दौड़ किट,पौष्टिक स्नैक्स और मैराथन से पहले और बाद के व्यायाम युक्तियाँ प्राप्त हुईं एम ई आईएल के प्रबंध निदेशक पी.वी. कृष्णा रेड्डी और सुधा रेड्डी फाउंडेशन की संस्थापक सुधा रेड्डी ने इस विद्युतीकरण पिंक पावर रन को हरी झंडी दिखाई। इस मैराथन दौड़ के 10 किलोमीटर में पुरुष वर्ग में लव प्रीत ने बाजी मारी,मोहन ने फर्स्ट रनरअप और आरिश यादव ने सेकेंड रनरअप का स्थान हासिल किया। 6 साल की बच्ची एन.पार्वती ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। महिला वर्ग में सीमा विजेता बनीं, जबकि संजीवनी दूसरे स्थान पर रहीं। 10 किमी मैराथन के विजेताओं को 2,50,000, प्रथम उपविजेता को 1,75,000 और दूसरे उपविजेता को ?1,00,000 का पुरस्कार दिया गया।5 किमी मैराथन में, पुरुष वर्ग में शंकर लाल ने जीत हासिल की, अखिल कुमार प्रथम रनर-अप और अमन कुमार दूसरे रनर-अप रहे, सभी को नकद पुरस्कार मिला। इसी प्रकार, महिला वर्ग में प्रीति विजेता, सोनिका प्रथम रनर-अप और रीनू द्वितीय रनर-अप रहीं, जिन्हें भी नकद पुरस्कार मिला। 5 किमी मैराथन के विजेताओं को 1,25,000, प्रथम उपविजेता को 1,00,000 और दूसरे उपविजेता को 75,000 का पुरस्कार दिया गया।

## भारत में कैराना घराना के मशहूर सारंगी नवाज मरहूम उस्ताद आशिक अली खान साहब जी की 25 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनाँक 29 सितंबर 2024 को एक संगीत का कार्यक्रम साज - ए - सुखन के साथ - साथ मोहनवीणा श्रुति रत्न समारोह का बेहद ही सफलतापूर्वक आयोजन उर्दू घर दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली में संपन्न हुआ।

**नई दिल्ली।** इस संगीतमयी शाम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के आदरणीय जनाब मोहम्मद जुबैर अली हाशमी जी आई ए एस डायरेक्टर, नीति आयोग रहे। तत्पश्चात संगीत के क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय संगीत की बेहद ही सुन्दर प्रस्तुति देकर हुई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम संगीत शिक्षिका श्रीमती तनुश्री सामंता के विद्यार्थियों द्वारा सुन्दर गायन से हुई। इस संगीतमयी शाम की अगली श्रंखला में जानेमाने कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सुन्दर एवं जटिल प्रस्तुति देकर अपने गुरूजनों को गौरवान्वित किया। प्रसिद्ध गजल गायक एवं उस्ताद आशिक अली खान साहब जी के पौत्र तथा उस्ताद आशिक अली खान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अशरफ अली खान के पुत्र सैफ अली खान ने अपनी सुरीली एवं मीठी आवाज में चंद गजलें सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आपके साथ तबले पर संगत देश के प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद सरफराज अहमद जी के सुपुत्र श्री शाहरुख अहमद ने की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अगली प्रस्तुति देश के जानेमाने मोहनवीणा वादक पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट जी के शागिर्द, डाक्टर रंजन कुमार ने मोहनवीणा पर राग चारूकेशी की सुंदर प्रस्तुति दी। आपके साथ तबले पर संगति श्री शाहरुख अहमद ने की। सबसे कम उम्र की भारतीय मोहनवीणा वादिका श्रुति रंजन ने भी एक धून मोहनवीणा पर प्रस्तुत की,जो काफी सराहनीय रही। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत देश की सबसे कम उम्र की मोहनवीणा वादिका श्रुति रंजन को मोहनवीणा श्रुति रत्न से मुख्य अतिथि जी के द्वारा नवाजा गया। कार्यक्रम के इसी चरण में विश्वप्रसिद्ध टॉप ग्रेड तबला वादक आदरणीय पंडित किशोर बैनर्जी एवं ए ग्रेड तबला वादक श्री शिव शंकर बैनर्जी द्वारा जुगलबन्दी का अद्भूत तबला वादन प्रस्तुत किया जो मध्य लय तीन ताल से प्रारंभ किया गया। उन्होंने उठान, अलग-अलग कायदे, तेज गति के धिर-धिर का रेला, गत, लाल किला, टुकड़ा, परन, चक्रदार तथा अंत में तबले पर मनमोहक सवाल जवाब के





साथ जुगलबंदी तबला वादन का समापन हुआ। इनके साथ सारंगी पर संगत देश की जानी-मानी महिला ए ग्रेड सारंगी वादिका गौरी बनर्जी साती ने की । कोरियोग्राफर एवं नृत्यांगना ऋतुश्री, कोरियोग्राफर एवं नृत्यांगना मानसी मेहता के शिष्यों द्वारा कथक नृत्य का प्रस्तुतीकरण भी बहुत ही उम्दा और लाजवाब रहा जिसे दर्शकों ने तालियाँ बजाकर खूब सराहा। कार्यक्रम की उद्घोषिका श्रीमती नीतू उप्पल ने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में इस कार्यक्रम का संचालन कर श्रोताओं को लगातार लगभग 4 घंटों तक बैठाए रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होने वालों में श्रीमती नफीस जहाँ, श्री आरिफ अली खान श्री मानिकलाल रावत, श्री आर. के. उप्पल,अकरम अली खान, असलम अली खान, आबिद अली खान श्रीमती संगीता रजंन, श्रीमती श्रीमती नाजमा खान श्रीमती फलमिजरा खान,श्रीमती सुल्ताना अहमद, श्रीमती सीमा खान, श्रीमती रूबी खान, अमरीन खान , सानिया खान,अरीबा खान, सुहाना खान, सोनू सिंह, अमान खान इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष अशरफ अली खान ने अंत तक बैठे संगीत प्रेमियों को धन्यवाद देकर आगे भी इसी तरह उस्ताद आशिक अली खान ट्रस्ट से जुड़े रहने के लिए गुजारिश की।

## राहुल बोले- हरियाणा में अडानी की सरकार नहीं चाहिए

**नई दिल्ली, 30 सितंबर**

**हरियाणा।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी ने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में हरियाणा विजय संकल्प यात्रा का आगाज कर दिया। यात्रा सोमवार सुबह अंबाला के नारायणगढ़ में विशाल जनसभा से शुरू होकर यमुनानगर, मुलाना, शाहबाद से होते हुए लाडवा पहुंची। शाम को थानेसर, कुरूक्षेत्र में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। हर जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ और भारी भीड़ उमड़ी। नारायणगढ़ में हुई विशाल जनसभा के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भाजपा सरकार पर जमकर हमलावर रहे। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी महासचिव कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान, सांसद वरुण मुलाना समेत कई नेता मौजूद थे। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि यह मोदी की सरकार नहीं, बल्कि



अडानी की सरकार है। हरियाणा में अडानी जैसे लोगों की सरकार नहीं चाहिए। अडानी खेत में मेहनत नहीं करते, कोई छोटा व्यापार नहीं करते। लेकिन हर सुबह उनके बैंक खाते में सुनामी की तरह पैसा आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की जेब से तूफान की तरह पैसा निकालकर, सुनामी की तरह अडानी की तिजोरी में डाल रहे हैं। मेरा लक्ष्य है कि जितना पैसा मोदी ने अपने मित्रों को दिया है, उतना पैसा मैं हिंदुस्तान के गरीबों, शोषितों और वंचितों को दूंगा।

## डॉक्टर सूर्या रेवती ने जीता मिसेज इंडिया 2024 का खिताब

**हैदराबाद : 30 सितंबर:** डॉक्टर सूर्या रेवती मेद्दुकुरू मध्य प्रदेश में फेलिना मिसेज इंडिया 2024 पुरस्कार के रूप में विजयी हुई हैं। यह उनके करियर में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। एक कार्यकारी और लोक प्रशासन में डॉक्टर के साथ एक कुशल उद्यमी, उन्होंने भारत और विदेश दोनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. अमेरिका में आईटी कंपनियों के सीईओ के रूप में, डॉ. सूर्या रेवत्ती मेद्दुकुरू ने विभिन्न परोपकारी प्रयासों के माध्यम से भारत को वापस देने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। उन्होंने गांवों को गोद लिया है, चिकित्सा शिविर आयोजित किए हैं और महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने हाल ही में "इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स" और "दिल्ली से भारत माता सेवा पुरस्कार पुरस्कार" जीता है। ग्रामीण भारत में जीवन को बेहतर बनाने की उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक रही है। मिसेज इंडिया का ताज जीतना, भारत में उनके



समर्पण और सफलता को उजागर करता है.. वह अपने लक्ष्य और विजन "यंग इंडिया स्ट्रॉन्ग इंडिया" के साथ एक प्रेरक वक्ता हैं और बहुत सारे युवाओं और महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाया है । उन्होंने अमेरिका में एक पूर्ण राज्य के राष्ट्रपति के रूप में 2 वर्षों तक कार्य किया और 2015 में कैलिफोर्निया में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रपति का पुरस्कार जीता।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में अवामी पार्टी एवं दलित मजदूर किसान पार्टी ने कांग्रेस को दिया समर्थन

**नई दिल्ली:** अवामी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुशीर अहमद एवं दलित मजदूर किसान पार्टी के महासचिव मुरारी लाल सूर्या ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए हरियाणा विधान सभा में कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की है। ताकि एक साफ सुथरी सरकार बनायी जा सके जो भ्रष्टाचार मुक्त हो जहां प्रत्येक गरीब आदमी की सुनवाई हो सके, मजदूरों, किसानों, नोजवानो, महिलाओं को सम्मान मिल सके, रोजगार मिल सके। इस अवसरवादी सरकार को उखाड़ फेंका जा सके। मुशीर अहमद ने आगे कहा कि इस



सरकार ने पिछले चुनाव में अवाम से जो वादे किए थे वो पूरा करने में पुरी तरह से नाकाम रही है। इस सरकार ने किसानों ,युवाओं ,महिलाओं अत्यादि के लिए कोई काम नहीं किए हैं जिसकी की वजह से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है और बदलाव चाहती है इस लिए मेरा अनुरोध है कि जनता कांग्रेस के हक में वोट करे। मुरारी लाल सूर्या ने कहा कि हमारा कांग्रेस को समर्थन देने का मकसद केवल एक अच्छी सरकार का गठन है और कांग्रेस सबसे बेहतर विकल्प है क्यूंकि वर्तमान सरकार हर सतह पर नाकाम हुई है जिसका नतीजा है कि प्रदेश की जनता परेशान है इसलिए हमारी अपील है कि सभी एक जुट हो कर कांग्रेस के उम्मीदवारों को वोट दें और एक बेहतर सरकार के गठन में अहम रोल अदा करें एवं मुझे पूरी उम्मीद है के कांग्रेस जीत कर सरकार बनाएगी।

# प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव के विजयी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर /सैद नंगली।** सोमवार को विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जन शिक्षा समिति द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज करनपुर मुरादाबाद मेंआयोजित प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैद नगली अमरोहा के 41 भैया-बहिनों में से 25 भैया बहिनों तथा आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता में विद्यालय के आचार्य महेश पाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय , प्रभा शंकर तिवारी, श्रीमती हितेश शर्मा, कु० सौरभ शर्मा द्वारा विजयी भैया-बहिनों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय द्वारा आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महेश पाल यादव को भी प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने विजयी भैया-बहिनों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं व बधाई देते हुए क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता के लिए और अधिक परिश्रम करने का आग्रह भी किया।

# कच्ची शराब तोड़ने वालों के खिलाफ ग्रामीणों ने बनाई कमेटी, 3 अक्टूबर तक का दिया सुधारने का समय

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को एक गांव में कच्ची शराब तोड़ने वालों के खिलाफ ग्रामीणों ने कमेटी बनाकर मोर्चा खोल दिया तथा 3 अक्टूबर तक सुधरने का समय दिया है, वही कमेटी ने आबकारी पुलिस, एवं पुलिस विभाग से कमेटी का पूरा सहयोग करते हुए कच्ची शराब तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है, जिसको लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने कोतवाली गेट पर प्रदर्शन भी किया, बता ते चले कि कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा निवासी ग्रामीणों ने गांव में कच्ची शराब तोड़ने, बचने एवं पीकर हंगामा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए एक कमेटी बनाई है जिसमें ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कमेटी जुमार्ना लगाकर उनको दंडित करेगी, वही कमेटी द्वारा इस कार्य के लिए ऐसे लोगों को सुधरने के लिए 3 अक्टूबर तक का समय दिया गया है जिसकी सूचना ग्रामीणों ने हसनपुर कोतवाली पुलिस एवं आबकारी विभाग को भी दी है, ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कच्ची शराब तोड़ने का काम धड़ले से चल रहा है तथा जिसकी बिक्री करके लोग अवैध कमाई भी कर रहे हैं, और जिस कारण गांव का युवा वर्ग नशे की लत में पढ़ता जा रहा है, वही आए दिन गांव के लोग शराब पीकर अपने-अपने घरों में बच्चों व पत्नियों के साथ मारपीट करते हैं, इस कृत्य को रोकने के लिए बनाई गई कमेटी ने आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है, और इस कार्य के लिए कमेटी का पूरा सहयोग देने तथा कमेटी का पूरा सहयोग लेने की भी बात ग्रामीणों द्वारा कही गई है, जिसको लेकर रखेड़ा के दर्जनों ग्रामीणों ने कोतवाली गेट पर प्रदर्शन भी किया, प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से महेश, वेदपाल, वीर चंद्र, सतबीर, मुनीश, जयपाल, विजय, शंकर, कंचन, ब्रह्मपाल, कोशिंदर, विजयपाल सिंह, नेतराम सिंह, गौरव, लीला सिंह, तेजपाल आदि सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हसनपुर के खाटू श्याम मंदिर में हुआ भजन कीर्तन का आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर विराजमान बाबा खाटू श्याम जी के दरबार में शनिवार की देर रात्रि एकादसी के पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय भजन गायक सौरव मित्तल, राहुल दीवाना, विक्की राजपूत, योगिता सक्सेना द्वारा बाबा खाटू श्याम जी के सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए, जिसमें हारा हूं पर तुम्हारा हूं एवं हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा तथा मुझे अपने ही रंग में रंग ले मेरे श्याम सांवरे आदि भजन सुनाए, जिनहे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए, वहीं भजन कीर्तन के उपरांत बाबा की स्तुति एवं आरती की गई तथा प्रसाद का भी वितरण किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से अनिल अग्रवाल, कविता, गोविंदा, पंडित पप्पू गिरी, सतवीर गिरी, संजीव शर्मा, दिनेश शर्मा, सचिन अग्रवाल, सुनीता, बबीता, गीता, राजकुमारी, महेश शर्मा, उमेश शर्मा, दामोदर शर्मा, प्रवीण अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में बाबा खाटू श्याम के भक्त मौजूद रहे।

# आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सीएम सख्त

**लखनऊ, 30 सितंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त रूख अख्तियार किया है। पिछले कई दिनों से सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और हीलाहवाली की शिकायतें मिल रहीं थीं। इस पर उन्होंने ऐसे जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि लापरवाह डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

**›› देवरिया, भदोही और गोंडा के शिकायतकताओं ने फीड बैक में जताया असंतोष**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही उन्होंने लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल ही में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसमें शिकायतों के निस्तारण के बाद सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिये गये फीड बैक में शिकायतकताओं ने असंतोष जताया है। इनमें देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मीरजापुर के जिले शामिल हैं। इन जिलों के शिकायतकताओं ने अपनी शिकायत के निस्तारण के फीडबैक पर 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी को फटकार लगाते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिये हैं। वहीं मुख्य सचिव समीक्षा बैठक की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने वाले हैं। जानकारों की मानें तो रिपोर्ट के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं।

**›› अगस्त और सितंबर में औरैया, लखीमपुर, मेरठ का शिकायतों के निस्तारण में रहा अच्छा प्रदर्शन**

मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में पाया कि प्रदेश के कुछ जिलों का अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में अच्छा प्रदर्शन रहा है। इन्होंने समयबद्ध तरीके से शिकायतों को निस्तारित कर स्पेशल क्लोज रिपोर्ट समिट की है। इसमें अगस्त माह में औरैया, लखीमपुर खीरी और लखनऊ शामिल हैं। इसी तरह सितंबर माह में औरैया, लखीमपुर खीरी, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर के जिले शामिल हैं। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अधिकारियों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिये।

# 30 दिन से धरने पर बैठे ठगी पीड़ितों का कोई नहीं है सुनने वाला

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा।** सोमवार को अनिश्चितकालीन असहयोग सत्याग्रह आन्दोलन जिला अमरोहा में 30 वे दिन लगातार आन्दोलन जारी रहा, तथा इस कड़ी में सोमवार ठगी पीड़ित जमा करता परिवार संगठन के पदाधिकारीयो ने नवांगतुक डी एम निधि गुप्ता से मुलाकात कर निवेशकों की समस्या से अवगत कराया और अपनी मुख्य तीन समस्याओं पर चर्चा की जिसमे

1- बड्स एक्ट 2019 अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 180 कार्य दिवस में भुगतान किया जाना चाहिए

2- निर्दोष अभिकर्ता ऐजेंटों को सुरक्षा सम्मान, रोजगार, सरकार द्वारा प्रदान की जाए।

3- सरकार द्वारा बनाए गए नए अधिनियम धारा 111 लागू कर कंपनी के संचालकों को मृत्यु दंड देकर पावन पवित्र हिन्दुस्तान को ठग मुक्त भारत देश घोषित किया जाए, इस संबंध में डी एम ने पूर्ण आश्वाशन दिया कि जिला प्रशासन द्वारा जो भी संभव हो सकेगी आप ठग पीड़ितो की मदद की जाएगी। वही ठग पीड़ित परिवार के लोगों द्वारा 2 अक्टूबर को सांसद कवर सिंह तंवर को ज्ञापन दिया जाएगा, प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से मनोज कुमार प्रदेश सचिव तप जप संगठन, डा मुन्ना प्रदेश सचिव,डा वीर सिंह, शशि बाला चौहान,डा हनीफ ,प्रेम सिंह, रामगोपाल , चन्द्र पाल सिंह, कृपाराम, प्रथ्वी सिंह,मा चरन सिंह, मोहबे हसन, रामचन्द्र, कमलेश देवी, रेखा रानी, यशोदा देवी आदि सहित दर्जनों ठगी पीड़ित परिवार के लोग मौजूद रहे।

# रोम की संस्कृति में पले-बढ़े 'एक्सीडेंटल हिंदू' नहीं बर्दाश्त कर पा रहे राम मंदिर: मुख्यमंत्री



**भिवानी/हिसार/नारनौंद/पंचकुला , 30 सितंबर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी कांग्रेस को खूब लताड़ा। बोले कि 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से भगवान श्रीरामलला अयोध्या धाम में विराजमान हो गए। देश व दुनिया आनंदित है, लेकिन घड़ियालू आंसू बहा रही बदनसीब कांग्रेस को इससे भी नफरत है। यही अंतर राम की संस्कृति व रोम की संस्कृति में है। राम की संस्कृति में पला-बढ़ा व्यक्ति प्रभु श्रीराम की मयार्दा का पालन करते हुए 500 वर्ष तक निरंतर लड़ता रहा। प्रभु राम अयोध्या धाम में विराजमान हो गए, लेकिन रोम की संस्कृति में पले-बढ़े बदनसीब 'एक्सीडेंटल हिंदु' इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। एक्सीडेंटल हिंदु देश और जनता के प्रति कभी ईमानदार नहीं हो सकते। राम भारत के प्रतीक हैं। जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हरियाणा में चार जनसभा की। उन्होंने बवानी खेड़ा से कपूर वाल्मीकि, हांसी से विनोद भयाना, नारनौंद से कैप्टन अभिमन्यु, सफीदों से रामकुमार गौतम व पंचकुला से ज्ञानचंद गुप्ता, कालका से शक्तिरानी शर्मा को जिताने की अपील की।

**... दरअसल उनका खानदान ही जिंदगी भर नाचगाना करता रहा**

राहुल गांधी के बयान पर बिफरे सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर नाच गाना चल रहा था, दरअसल उनका खानदान ही जिंदगी भर नाचगाना करता रहा। हिंदुओं का अपमान, सनातन संस्कृति को कोसना और भारत के बाहर संवैधानिक संस्थाओं को खड़ा कर-के कांग्रेसी अपनी योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। 1526 में राम मंदिर तोड़कर गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया गया था। मुगल-अंग्रेज नहीं चाहते थे कि हिंदु धर्म-संस्कृति का नामोनिशान रहे, लेकिन आजाद भारत की पहली सरकार जिन बदनसीबों के हाथ लगी, उन्होंने भी भारत को गौरव के साथ खड़ा नहीं होने दिया। 2014 में नरेंद्र मोदी पीएम बने। 2017 में यूपी में भाजपा सरकार बनी। डबल इंजन सरकार जब डबल स्पीड से चलने लगी तो महज दो वर्ष के अंदर पांच सौ वर्ष की समस्या का समाधान हो गया। 140 करोड़ भारतवासी प्रसन्न हैं, लेकिन कांग्रेस को इससे पीड़ा है।

# सीतापुर में 200 बेड युक्त पुरुष जिला अस्पताल का निर्माण कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ, 30 सितंबर।** उत्तर प्रदेश को उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं से युक्त करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने सीतापुर में 200 बेड युक्त पुरुष जिला अस्पताल के निर्माण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नियोजन विभाग की देखरेख में ईपीसी मोड में 107 करोड़ रुपए की लागत से इसे तैयार किया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 18 महीने की अवधि निर्धारित की गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, पुरुष जिला अस्पताल को भविष्य की जरूरतों को देखते हुए निर्मित किया जाएगा। निर्माण व विकास कार्यों को गति देने के लिए डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) समेत विभिन्न प्रकार की मॉनिटरिंग रिपोर्ट्स तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल को बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम, सोलर पैनल, पब्लिक एड्रेस व कंप्यूटराइज्ड कम्यूनिकेशन तथा सीसीटीवी सर्विलांस जैसी सुविधाओं से युक्त होगा। अस्पताल को भूतल समेत 4 मंजिला बनाया जाएगा जिसके विभिन्न तलों पर अलग अलग चिकित्सा खंड को अवस्थित किया जाएगा।

**विभिन्न प्रकार के कार्यों को पूरा करने के लिए टाइमलाइन निर्धारित**

सीतापुर में 200 बेड युक्त पुरुष जिला अस्पताल के निर्माण को लेकर विभिन्न चरणों को पूरा करने की डेडलाइन तैयार कर ली गई है। निर्माण समेत सभी कार्यों को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी एजेंसी को कार्य आवंटित किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 75 दिन की कार्यावधि में डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट व आर्किटेक्चरल डिजाइन को पूरा किया जाएगा। यह कार्य पूरा होने तथा स्वीकृति प्राप्त होने के बाद 18 महीनों की निर्धारित अवधि (वर्षा अवधि के अतिरिक्त) में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इस दौरान डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड के लिए 36 महीने की अवधि निर्धारित की गई है।

# धान खरीद के लिए 4000 क्रय केंद्र स्थापित, पश्चिमी यूपी में मंगलवार से होगी खरीद

**लखनऊ, 30 सितंबर:** पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद शुरू हो जाएगी। लखनऊ संभाग के जनपदों में अलग-अलग तिथियों में खरीद होगी। हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में पहली अक्टूबर तथा लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ पहली नवंबर को खरीद होगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई की मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। योगी सरकार ने किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है।

**30 दिन में लगभग 32 हजार किसानों ने कराया पंजीकरण**

खाद्य-रसद विभाग की तरफ से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। प्रदेश के जनपदों में 30 दिन में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

**पश्चिम उत्तर प्रदेश व लखनऊ संभाग के इन जनपदों में मंगलवार से शुरू होगी खरीद**

पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी, जो 31 जनवरी तक चलेगी। यह खरीद पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में होगी। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद इसी अवधि में होगी।

# 2027 के विस चुनाव में भाजपा का होगा सफाया

## एक बैंकट हाल में आयोजित हुआ मानस्तंभ संविधान स्थापित कार्यक्रम

बिजनौर

**शहर** के एक बैंकट हाल में समाजवादी पार्टी का मानस्तंभ संविधान स्थापित कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें महबूब अली ने संविधान मानस्तंभ का अनावरण किया और कहा कि 2027 के विस चुनाव में भाजपा का होगा सफाया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली ने संविधान मांनस्तभ का अनावरण किया। बिजनौर पहुंचने पर महबूब अली का सपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। महबूब अली ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान आरक्षण विरोधी है। सपा संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। सपा में संविधान सिद्धांत शब्द है। प्रदेश में कानून नाम कि कोई चीज नहीं है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदेश से सफाया तय है।




बिजनौर में सपा के कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

बिजनौर में ग्राम खारी में कारी सैफुरहमान की कब्र से शरारती तत्वों ने छेड़छाड़ कर गर्दन काट ली थी। इस घटना की मजिस्ट्रेटियल जांच कराने की मांग रखी। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने तथा संचालन डा. रहमान व अखलाक पप्पू ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम में चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, नगीना विधायक मनोज पारस, नजीबाबदाद विधायक तसलीम अहमद, नईम उल हसन, मनोज कुमार, डा. रमेश तोमर, अनिल यादव, शेख सुलेमान, कपिल गुर्जर, अब्दुल मन्नान, डा. शहवाज, प्रभा चौधरी, कमरुल इस्लाम, डा. दिलशाद, आयशा आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मकान में घुसा



नांगल सोती

**नांगल-चंदक** मार्ग पर गांव हरचंदपुर में रेत बजरी से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉला अनियंत्रित होकर मकान में घुस गया। इसमें ट्रैक्टर व बुग्गी चालक सहित एक भैंसा घायल हो गया।

नांगल-चंदक मार्ग पर गांव हरचंदपुर में शनिवार की तड़के लगभग पांच बजे नांगल की ओर से आ रहा रेत बजरी से भरा ट्रैक्टर ट्राला एक भैंसा बुग्गी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर अर्णव के मकान में घुस गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक शानू व बुग्गी चालक हरचंदपुर निवासी ब्रजपाल व उसका भैंसा घायल हो गए। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर व बुग्गी चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। संयोग से मकान व आस-पास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों का कहना है की मार्ग पर ओवरलोड वाहन तेजी से चल रहे है जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

# नगीना में मनचलों का बोल-बाला, कैसे हो बेटियों की सुरक्षा?

नगीना

**नगर** के कई मोहल्लों में ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्राओं के साथ बाइकों पर तीन-तीन व चार-चार युवा मनचले सवार होकर छात्राओं के साथ बेखौफ होकर कर आये दिन छेड़छाड़ करते है या उन पर अश्लील फब्तियां कस रहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर का अंबेडकर नगर व शाहजहीर मोहल्ला इस समय टूयूशन का हब सेन्टर बना हुआ है।.

जहां पर सरकारी स्कूल कॉलेजों व प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों व अध्यापिकाओं ने अपने घरों व किराए के मकानों में अवैध रूप से टूयूशन एक-एक बैच में 30 से 40 छात्र व छात्राओं से मोटी रकम लेकर टूयूशन पढ़ा रहे। अध्यापकों व अध्यापिकाओं के घरो पर ट्यूशन पढ़ने वाले छात्रों की भीड़ शुरू हो जाती है। छात्राओं को ट्यूशन पढ़ने जाते देख। अपनी अपनी बाईकों पर तीन तीन मनचले सवार होकर बाइकों को बेखौफ होकर छात्राओं के बराबर से निकालते हुए उन पर अश्लील फब्तियां कसते हुए उनके साथ

## सरकारी स्कूल और कॉलेजों के अध्यापक अवैध रूप से पढ़ा रहे ट्यूशन

छेड़छाड़ करते हैं। मनचलों को नगीना की वर्दी वाली पुलिस का भी कोई खौफ होता दिखाई नहीं दे रहा।

मनचले अम्बेडकर नगर रोड के अलावा नगर के मौहल्ला विश्नोई सराय, शाहजहीर, एमएम इंटर कालेज, वैदिक कन्या पाठशाला के स्कूल व टूयूशन पढ़ने जाते समय व छुट्टी के समय स्कूलों व बाजार की सड़क एवं अम्बेडकर नगर रोड पर छात्राओं के आगे पीछे अपनी तेज रफ़्तार वाली बाईकों को दौड़ाते हुए मिलेंगे। बाइक सवार मनचलों के खिलाफ सादी वर्दी में महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों को अम्बेडकर रोड व मोहल्ला शाहजहीर पालिका चेयरमैन के घर के आगे वाले रोड पर गोपनीय तरीके से जांच पड़ताल कर मनचलों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की गई।

# छेड़छाड़ करने वाले युवक को जनता ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

नगीना



**ट्यूशन** पढ़कर अपने घर वापस जा रही नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को दुकानदारों ने जमकर पीटा फिर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी मोहल्ला अंबेडकर नगर से ट्यूशन पढ़कर रविवार की दोपहर अपने घर वापस जा रही थी। जब वह कालखेड़ी रेलवे क्रॉसिंग से पहले बिजली घर के पास के निकट पहुंची तो सड़क किनारे खड़े मोहल्ला नालबंदान निवासी तस्लीम पुत्र खलील व उसके अज्ञात दोस्त ने किशोरी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा का शोर सुन आस-पास के दुकानदार इकट्ठा हो गए तो उक्त छेड़छाड़ करने वाले दोनों युवक भागने लगे भागते एक युवक को आस-पास के दुकानदारों ने दौड़ कर एक को पकड़ लिया तथा उसका दोस्त मौका पाकर फरार हो गया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम तस्लीम निवासी नलवन्दान बताया। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के चुंगल से उसे छुड़ाकर थाने लाई तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आवारा कुत्तों के आतंक से नगरवासी परेशान



नजीबाबाद

**नजीबाबाद** में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आवारा कुत्ते और भी ज्यादा खूंखार होते जा रहे है। रोजाना कुत्तों के काटे जाने के मामलों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। आवारा कुत्तों का झुंड स्थानीय नागरिकों पर लगातार हमलावर हो रहा है जिस कारण शहर के अनेक मौहल्ले में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। कुत्तों के हमलों के डर से रात में पैदल चलना खतरों से खाली नहीं है। आवारा कुत्ते रात होते ही आने-जाने वाले नागरिकों पर हमला करने लगते है। वही गली-मौहल्लों में बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या लोगों के लिए खतरा बन रही है। गली मौहल्लों में रहने वाले कुत्ते अब इतने हिंसक हो चुके हैं कि इन कुत्तों के आतंक से बच्चे और बड़े इतने खौफजदा हो चुके हैं कि घर से निकलना मुश्किल हो गया है कि घर से बाहर निकलते ही कुत्ते हमला कर रहे हैं। अहम बात यह है कि नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती तादाद और इनके आतंक के बारे में पालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम और अधिशासी अधिकारी और स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अभी तक इस समस्या से निजात दिलाने के लिए खासकर नपा की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, स्थानीय नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की।

# गुलदार से सचेत रहने के लिए पुलिस ने किया जागरूक

**नांगल** सोतीः क्षेत्र में आए दिन गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है। गुलदार से सचेत रहने के लिए पुलिस ने ग्रामीणों को जागरूक किया। नांगल सोती क्षेत्र के तिसौतरा, गौसपुर, लालपुर सोजिमल, सुंगरपुर बेहड़ा, चंदोक, हरचंदपुर, आदि गांव में आए दिन गुलदार देखा जा रहा है। बीते दिनों गुलदार ने हमला कर एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों को घायल कर दिया था, जबकि कई गोवंश को अब तक गुलदार निवाला बन चुका है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। शुक्रवार की रात थाना प्रभारी राकेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के गांव में एलाउंसमेंट व लोगों को एकत्र कर गुलदार से सचेत रहने के लिए जागरूक किया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बताया कि जंगल में अकेले ने जाएं, हाथों में लाठी डंडे लेकर ही समूह में खेतों पर जाएं, गुलदार देखे जाने पर पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को तत्काल सूचना दें।

# नशा उन्मूलन के लिए सभी एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय की जरूरत-उपायुक्त

## नशे से जुड़ी कोई भी जानकारी पुलिस से साझा करें- पुलिस आयुक्त

**ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार**

**अमृतसर , 30 सितंबर 2024--** नेशनल कोऑर्डिनेशन सेंटर फॉर ड्रग लॉ एनफोर्समेंट फ्रेमवर्क को लागू करने और जिले में नशीली दवाओं पर नियंत्रण बढ़ाने के लिए आज उपायुक्त शक्ति साहनी के नेतृत्व में और पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी और संबंधित मुद्दों को रोकने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया ताकि अमृतसर के नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त शाक्षी साहनी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में कानून व्यवस्था , जिला प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों की जरूरत है. उन्होंने कहा कि प्रशासन नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नशे की चपेट में आए लोगों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है , लेकिन इसके लिए पुलिस के साथ-साथ लोगों का भी सहयोग बहुत जरूरी है। पुलिस आयुक्त एस. गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने क्षेत्र में नशीली दवाओं की आपूर्ति श्रृंखला को समाप्त करने के लिए पुलिस और लोगों के बीच मजबूत



नशे की रोकथाम को लेकर बैठक करते डिप्टी कमिश्नर मैडम शाक्षी साहनी और पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर।

साझेदारी और समय पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी अधिकारियों ने अमृतसर को नशा मुक्त जिला बनाने के लिए मिलकर काम करने का वादा किया। पुलिस आयुक्त ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर उन्हें अपने कार्यालयों और अपने सर्किल से इस बारे में कोई जानकारी मिलती है तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। इसके अलावा लोगों तक यह संदेश जरूर जाए कि नशा बहुत हानिकारक है स्वास्थ्य के लिए और इसके खिलाफ लड़ाई में उनका समर्थन किया जाना चाहिए। इस संबंध में मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नशे के खिलाफ संचार के मौजूदा साधनों, जिसमें सोशल मीडिया प्रमुख है, को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि हर युवा को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक किया जा सके। इस मौके पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने सीमा पर आने वाली समस्याओं का जिक्र किया और मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में बताया और यह भी आश्वासन दिया कि बीएसएफ मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए दिन-रात काम कर रही है और परिणाम भी बहुत अच्छे आ रहे हैं. इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती ज्योति बाला , डीसीपी श्री अभिमन्यु राणा , एसपी हरपाल सिंह , सिविल सर्जन डॉ. किरणजीत कौर और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कंपनी बाग में की गई सफाई

**डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू**

**अमृतसर 30 सितम्बर 2024–** नेहरू युवा केंद्र अमृतसर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के जिला युवा अधिकारी आकांशा महावरिया की अध्यक्षता में मेरा युवा भारत संगठन द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रकृति की स्वच्छता , संस्कारों की स्वच्छता विषय पर सरूप रानी महिला महाविद्यालय , खालसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी और फिनिलूप सोसायटी के सहयोग से कंपनी बाग अमृतसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता शपथ लेने के साथ हुई और नेहरू युवा केंद्र द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेरे भारत किट ( कैप , डायरी और पेन) वितरित किया गया। इसके बाद, नेहरू युवा केंद्र अमृतसर और कॉलेजों के मेरी भारत स्वयंसेवकों ने कंपनी बाग अमृतसर में प्लास्टिक की बोतलें , बैग और अन्य प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे अमृतसर जिले में युवा क्लबों , युवा स्वयंसेवकों और मेरा भारत स्वयंसेवकों और नागरिकों के सहयोग से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चल रहा है । कार्यक्रम में स्थानीय लोगों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और एकल-उपयोग प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करने और इसके स्थान पर धातु की बोतलों और कपड़े के थैलों का उपयोग करने की अपील की गई है। इस अवसर पर मैडम मंजीत कौर के नेतृत्व में 40 युवाओं के



स्वच्छता ही सेवा अभियान की विभिन्न तस्वीरें

साथ-साथ लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रोहिल कुमार कट्टा , युवा स्वयंसेवक लवप्रीत और रोबनजीत , फिनिलूप सोसाइटी से अर्जुन राम और उनकी टीम और सरूप रानी महिला से वंदना ने भाग लिया। स्वच्छता अभियान के तहत खालसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के जसजीवन सिंह और मैडम रिपिन कोहली के नेतृत्व में 30 युवा स्वयंसेवकों, कॉलेज स्वयंसेवकों और 100 से अधिक नागरिकों ने इस सफाई अभियान में योगदान दिया। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में स्वच्छता अभियान के लिए मानव श्रृंखला का निर्माण , स्वच्छता शपथ , स्वच्छता रैली और स्वच्छता संदेश शामिल थे।

# पराली जलाने के मामलों में पिछले साल की तुलना में 100 मामलों की कमी आई है

## अब तक किसानों पर 92500 का जुमार्ना लगाया जा चुका है

**डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू**

**अमृतसर , 30 सितंबर 2024–** –पराली जलाने से रोकने के लिए डिप्टी कमिश्नर अमृतसर द्वारा दिन-रात किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में आग लगने के लगभग 100 कम मामले सामने आए हैं । यह व्यक्त करते हुए एक्सियन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड श्री सुखदेव सिंह ने कहा कि पिछले साल 30 सितंबर तक पराली जलाने के 174 मामले थे , जबकि इस साल केवल 71 मामले सैटेलाइट द्वारा रिपोर्ट किए गए हैं , जिनमें से सभी स्थानों पर हमारे नोडल अधिकारी हैं पहुंचकर जांच की। जिनमें से 36 स्थानों पर आग लगी पाई गई और इन किसानों पर 92 हजार 500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया । उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल जुमार्ना वसूली भी तेज है और अब तक किसानों से 80 हजार रुपये जुमार्ना वसूला जा चुका है. श्री सुखदेव सिंह ने कहा कि अब तक आग लगाने वाले किसानों के भूमि रिकॉर्ड में 28 लाल प्रविष्टियाँ की गई हैं। गौरतलब है कि पराली जलाने से रोकने के लिए उपायुक्त मैडम साक्षी साहनी लगातार अधिकारियों की बैठकें कर रही हैं और कल उन्होंने जिला पुलिस प्रमुख के साथ कई गांवों का दौरा किया और खेतों तक पहुंचीं , जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं आज भी मुख्यालय में बैठक के लिए पहुंचे एसडीएम , तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को उपायुक्त ने तुरंत काम से बर्खास्त कर दिया और खेतों में जाकर पराली की आग रोकने का निर्देश दिया. उनकी इस सतत निगरानी का ही परिणाम है कि ग्राम स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी जब भी आग लगने की शिकायत मिलती है तो वे मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हैं और किसानों को समझाते हैं। इसके अलावा हर गांव में गुरुद्वारा साहिबों से लगातार अनाउंसमेंट करवाकर किसानों को पराली न जलाने का मौका दिया जा रहा है।



डिप्टी कमिश्नर मैडम साक्षी साहनी

# सड़कों के निर्माण में तेजी लायी जायेगी : विधायक डॉ. अजय गुप्ता

**ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार**

**अमृतसर , 30 सितंबर 2024:** सेंट्रल विधानसभा से विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने आज गेट खजाना से सड़क बनाने के काम का उद्घाटन किया. विधायक डॉ. गुप्ता ने कहा कि अब सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लायी जायेगी. बरसात के दिनों के कारण सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ था. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के पास शहर के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं है , वह इस पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से सड़कें बनाने के लिए नगर निगम को 10 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं . आने वाले दिनों में इसके लिए और पैसा आने वाला है. उन्होंने



कहा कि सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र की कोई भी सड़क टूटी नहीं रहने दी जाएगी। विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि कुछ दिन पहले इस इलाके के दुकानदार टूटी सड़क को लेकर उनके पास सड़क ठीक कराने आये थे. उन दुकानदारों से वादा किया गया था कि आने वाले दिनों में यह सड़क बन जायेगी. जिस पर आज काम शुरू कर दिया गया है. इस मौके पर दुकानदारों ने विधायक डॉ. गुप्ता को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सड़क कई वर्षों से टूटी हुई है. जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था. उन्होंने कहा कि इस सड़क में तीन वार्ड और दर्जनों गलियां हैं. अब सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. इस मौके पर गेट खजाना शॉपकीपर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवक मिक्की चड्ढा, दीपक चड्ढा , गिन्नी भाटिया , चरणजीत चन्नी , राहुल सेठी , अशोक शाही , विश्व मित्र , मंजीत सिंह और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

# आप की सरकार बनने पर हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा- अरविंद केजरीवाल

**असंध/करनाल, सुखविंदर सोही**

**असंध/करनाल।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को असंध विधानसभा से पार्टी के उम्मीदवार अमनदीप सिंह जुंडला के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त और शानदार इलाज मिलेगा। साथ ही, दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा की जनता को भी फ्री बिजली मिलेगी। हमने दिल्ली में ऐसे



शानदार सरकारी स्कूल बनाएं हैं, जहां आज अमीर लोग भी अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं, जबकि हरियाणा में सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब है। इन दौरान पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों के बीच आकर बहुत अच्छा लग रहा है। इन लोगों ने मुझे 5 महीने झूठे केस में जेल में रखा। ये एक तरह से तपस्या थी। इन्होंने मुझे मानसिक और शारीरिक तौर पर तरह-तरह की यातनाएं दी। कई दिनों तक इन्होंने मेरी दवाई भी बंद रखी थी, मैं शुगर का मरीज हूं। दिन में चार बार इंसुलिन के इंजेक्शन लगते हैं।



# बीजेपी ने भ्रष्टाचारी, तस्कर व बड़े पूंजीपतियों की जेब में डाला धन, कांग्रेस गरीब, दलित, पिछड़े, महिला व बुजुर्गों को देगी लाभ : हुड्डा

- भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बवानीखेड़ा के कुंगड़ गांव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप नरवाल के वोट मांगे


बवानीखेड़ा (भिवानी), सितम्बर : बीजेपी और कांग्रेस दोनों की नीतियां व कार्य जनता के सामने हैं, जिनके आधार पर उसे मतदान का फैसला करना है। बीजेपी ने अपनी सरकार में घोटाले पर घोटाले करके जनता का हजारों करोड़ रुपए का नुक्सान किया है, जबकि कांग्रेस अपनी कल्याणारी योजनाओं के जरिए जनता तक पहुंचाएगी। बीजेपी ने भ्रष्टाचारी, नशा तस्करों और बड़े पूंजीपतियों की जेब में सारा धन डाला है। लेकिन कांग्रेस अपनी योजनाओं के जरिए गरीब, किसान, दलित, पिछड़े, गृहणियों व बुजुर्गों की जेब में पैसा डालेगी। यह बात नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बवानीखेड़ा हलके के कुंगड़ गांव में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपने कार्यकाल में ना गरीबों को राशन दे पाई, ना दलित-पिछड़ों को आरक्षण दे पाई, ना आम आदमी को सुरक्षा और ना ही बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पाई। लेकिन कांग्रेस युवाओं को 2 लाख नौकरी, महिलाओं को 2 हजार रुपए महीना सम्मान राशि, बुजुर्गों को 6000 पैंशन, कर्मचारियों को ओपीएस और अग्निवीर व कौशल निगम कर्मियों को पक्की नौकरी देगी। बीजेपी ने एचएसएससी और एचपीएससी के दफ्तरों में बैठकर नौकरियां बेची तो कांग्रेस भर्ती विधान के साथ पूरी पारदर्शिता व मैरिट के आधार पर 2 लाख नौकरियां देंगी। भारी भीड़ को देखकर उत्साहित भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी की तानाशाही सरकार को अब उखाड़ फैंकने का समय आ गया है। जनता से अपील है कि आप अपना एक-एक वोट कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप नरवाल को दे। आपकी सभी वोट भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जाएगी। आने वाली सरकार में प्रदीप नरवाल और रामकिशन फौजी का पूरा मान-सम्मान रखा जाएगा। भाजपा ने साजिश के तहत जिन वोट काटुओं को चुनाव में उतारा है, उनसे भी सावधान रहने की जरूरत है। वोट काटुओं को दिया गया हरेक वोट सीधे बीजेपी के खाते में जाएगा। मंच से पूर्व विधायक रामकिशन फौजी ने प्रदीप नरवाल को पूर्ण समर्थन देने के साथ जनता से उनके लिए वोट की अपील की। चौ. बंसीलाल ने कहा था कि हमेशा भूपेंद्र हुड्डा का साथ देना।

इसलिए मैं आज तक इसपर कायम हूं। आप प्रदीप नरवाल को बवानीखेड़ा से भारी बहुमत से जिताकर भेजें और भूपेंद्र हुड्डा के हाथ मजबूत करें।

# कोटला बना अवैध खनन का गढ़, मिली भगत के आरोप

## सरकार क लगाया जा रहा करोड़ों का चूना, जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

कोटला, सितंबर : हिमाचल सरकार द्वारा पहली जुलाई से 15 सितंबर तक ढाई महीने प्रदेश की नदियों, खड्डो, नालों में खनन गतिविधियां पूर्णतया बंद करने के आदेश पारित किए। इससे प्रदेश की आम जनता तथा पर्यावरण प्रेमियों में सुक्खू सरकार के प्रशंसा होने लगी थी। लेकिन प्रतिबंध का यह ड्रामा सिर्फ कागजी आदेश ही बनकर रह गया। और धरातल पर पहले से कहीं ज्यादा खनन माफिया ने प्रदेश की नदियों, खड्डो, नालों का दोहन कर रेत, बजरी तथा पत्थर अवैध रूप से निकलकर डंप कर लिया है। रात दिन कोटला की देहर खड्ड, वराल खड्ड तथा भेड खड्ड से अवैध खनन जारी है। स्थानीय जनता हर तरह से अपनी आवाज



देहर खड्ड के किनारे हजारों मीट्रिक टन रेत तथा पत्थर के लगे ढेर।

सरकार तथा अखबारों, सोशल मीडिया तथा आंदोलन के माध्यम से समय-समय पर पहुंचाती रही है। खानापूर्ति के लिए कभी-कबार सरकार के मंत्री इस पर अखबारी बयानबाजी करते हैं। लेकिन अवैध खनन रोकने में असफल रहे। 3 अगस्त 2024 को नूरपुर में प्रेस वार्ता कर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए बड़े-बड़े दावे कर अवैध खनन रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे, चेक पोस्ट इत्यादि की बात कही। इस मौके पर मंत्री ने अवैध खनन रोकने के लिए समिति गठन करने के निर्देश देकर एसएसपी पुलिस नूरपुर, एसडीम फतेहपुर, इंदौरा, जवाली, नूरपुर तथा खनन विभाग के अधिकारी समिति के सदस्य होंगें। लेकिन यह सब कागजी साबित हुए।

हकीकत में एक मोटे अनुमान के अनुसार पहली जुलाई से लेकर आज तक प्रदेश में हजारों एकड़ माइनिंग साइटों हजारों मेट्रिक टन रेत ,बजरी, पत्थर अवैध खनन कारोवारियों द्वारा अवैध रूप से नदियों खड्डों नालों से निकाल कर फोरलेन सड़क परियोजना में लगी निर्माण कंपनियां और प्रदेश के बाहर पंजाब में सप्लाई किया है।यह अवैध खनन माफिया-खनन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से करोड़ों की चांदी कूट चुके हैं। इससे जवाली उपमंडल की लगभग 40 ग्राम पंचायतों के लोगों को पीने के पानी की भारी समस्या पैदा हो गई है। देहर खड्ड से रेत बजरी पत्थर निकालने से वाटर रिजर्वायर खत्म होने से पानी का जलस्तर और मात्रा शून्य होकर रह गई है।

इससे देहर खड्ड पर दो दर्जन के लगभग पेयजल योजनाएं दम तोड़ चुकी हैं न जाने कैसे विभाग जुगाड़ से इन्हें चल रहा है। विधानसभा में इंदौरा के विधायक मलिंदर राजन के प्रश्न पर सरकार ने 338 बैध क्रशर से वर्ष 23 - 24 में 129.5 करोड़ की कमाई की है। उद्योग मंत्री के अनुसार नूरपुर तथा ऊना के क्रेशरो से 50-50 करोड़ रॉयल्टी आती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रतिबन्ध के ढाई महीने में कई करोड़ का अवैध खनन हुआ है। इस बारे में खनन अधिकारी नूरपुर सुरेश कुमार ने कहा कि रात के समय कोई क्रेशर नहीं चल सकता। अगर ऐसा है तो कार्रवाई की जाएगी। और अवैध खनन कारोबारियों पर शीघ्र छापेमारी शुरू की जाएगी। उधर स्थानीय अवैध खनन माफिया गिरोह में आम चर्चा है कि खनन अधिकारी से लेकर पुलिस प्रशासन उनके कब्जे में हैं उनका कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। स्थानीय विधायक एवं कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि अगर अवैध खनन हो रहा है तो सरकार सख्त कार्रवाई करते हुए अधिकारियों के खिलाफ जिम्मेवारी तय कर बड़ी कार्रवाई करने से संकोच नहीं करेगी। और धन्ना सेठों को प्रदेश के संसाधन लुटाए नहीं जा सकते।

# कांग्रेस ने दो अन्य नेताओं को छह साल के लिए किया निष्काषित

चंडीगढ़, सितंबर : हरियाणा कांग्रेस ने दो अन्य नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्काषित कर दिया है। इनमें उचाना कला से वीरेंद्र गोगरिया और बादड़ा से सोमवीर घसोला शामिल हैं। इससे पहले भी कांग्रेस कई नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्काषित कर चुकी है।

# एक तरफ घोटालेबाजों की कांग्रेस है, दूसरी तरफ विकास के लिए तत्पर खड़ी भाजपा : जेपी नड्डा

## कलानौर में रविवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जन आशीर्वाद रैली में कांग्रेस को घेरा

- कांग्रेस सरकार में जमकर घोटाले होते थे, किसानों की जमीन हड़प ली जाती थी: जेपी नड्डा
- कांग्रेस ने युवाओं को नौकरी पर्ची और खर्ची पर दी : जेपी नड्डा

रोहतक, सितंबर : कलानौर में रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जन आशीर्वाद रैली में जमकर कांग्रेस पर वार किए। रैली में जेपी नड्डा ने कहा कि अगर उजाले का आनंद लेना हो तो अंधेरे की त्रासदी हमेशा याद रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंधेरे से मेरा मतलब कांग्रेस से है, कांग्रेस के घोटालों से है। जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी तो जमकर घोटाले होते थे। गरीब किसानों की जमीन हड़प ली जाती थी। नौकरी पर्ची और खर्ची पर दी जाती थी। हालात ये थे कि योग्य पढ़ा लिखा युवा बेरोजगारी की लाइन में था और रिश्वत देने वाले नौकरी लग रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने जल-थल-नभ सभी जगह घोटाले किए। कांग्रेस ने पनडुब्बी घोटाला किया, कोयला घोटाला किया, हैलीकॉप्टर घोटाला किया। कांग्रेस ने पानी, धरती आकाश आदि कोई जगह नहीं छोड़ी जहां घोटाले ना किए हों। आज हरियाणा में चुनाव हैं। एक तरफ घोटाले करने वाली कांग्रेस है और दूसरी तरफ विकास के लिए तत्पर खड़ी भाजपा। नड्डा ने कहा कि मैं दावा करता हूं कि हरियाणा की जनता घोटालेबाजों का साथ कभी नहीं देगी।

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को हरियाणा के हितों से कोई लेना देना नहीं। कांग्रेस के नेताओं के लिए तो हरियाणा एक एटीएम की तरह है, यहां से घोटाला करके पैसे निकालो और दिल्ली दरबार में पहुंचाओ। इसलिए ऐसी कांग्रेस पार्टी से हमेशा सावधान रहना है और इन घोटालेबाजों को सत्ता के आसपास भी नहीं फटकने देना। जेपी नड्डा ने कहा कि आरक्षण पर कांग्रेस की दोगुली नीति है, हरियाणा में आकर भाषण कुछ और देते हैं और अमेरिका में जाकर राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं। आज मैं मंच के माध्यम से राहुल गांधी को कहना चाहता हूं कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण रहेगा, कांग्रेस इसे कभी खत्म नहीं कर सकती और भाजपा खत्म होने भी नहीं देगी। जेपी नड्डा ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है, क्योंकि यहां के लोग डबल इंजन की सरकार देख चुके हैं और





### देश और हरियाणा बढ़ रहा

**जेपी नड्डा** ने कहा कि देश और हरियाणा डबल इंजन की सरकार के कारण खूब बढ़ रहा है। आज देश 70 हजार करोड़ का इलैक्ट्रोनिक एक्सपोर्ट कर रहा है। 97 प्रतिशत मोबाइल भारत में ही बन रहे हैं। खिलोने बनाने में देश दुनिया में तीसरे नंबर पर है। दवाई के मामले में भारत देश की डिस्पैंसरी बन चुका है। आटोमोबाइल के मामले में भारत जापान को पछाड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के विकास का बजट चार गुना बढ़ा दिया है। ग्रांट तीन गुना बढ़ा दी है। जल जीवन मिशन में हरियाणा पहले नंबर पर है। इस बार भाजपा की सरकार बनते ही हर महिला को 2100 रुपये महीना दिए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड से अब 10 लाख रुपये तक इलाज होगा। ये भाजपा का संकल्प है कि छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी, युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देंगे।

हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखना चाहते हैं। जनता तीसरी बार भाजपा की सरकार और दूसरी बार नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। हरियाणा ऐसे ही नॉन स्टॉप चलता रहेगा।

जन आशीर्वाद रैली में भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, कलानौर की प्रत्याशी रेणु डाबला, रोहतक प्रत्याशी मनीष ग्रोवर, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, मेयर मनमोहन गोयल, राजकमल सहगल, धर्मवीर, सरीता नारायण और अजय खुंडिया आदि मौजूद रहे।

### भाई को भाई से लड़ाना कांग्रेस का धर्म

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैली में कहा कि कांग्रेस का मतलब करप्शन, कुशासन और क्रीमिलाइजेशन है। भाई को भाई से लड़वाना, जाति को जाति से लड़वाना और समाज को समाज से लड़वाकर वोट बैंक की राजनीति करना कांग्रेस का धर्म है। ऐसी मानसिकता वाली पार्टी और इनके नेताओं से सावधान रहें। कांग्रेस को सत्ता में रहने का भी कोई हक नहीं है। इस बार भी हरियाणा की जनता विकास के साथ है और 8 अक्टूबर को कांग्रेस को घर बैठाने का काम करेगी। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा के लोगों से भी झूठे वादे कर रही है। ऐसे ही झूठे वादे कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक में भी किए थे। हिमाचल में वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने देंगे, लेकिन दो साल बीत गए हैं, अब तक माताएं 1500 रुपये मिलने का इंतजार कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश के हालात ऐसे हो गए हैं कि वहां के मुख्यमंत्री और मंत्री 2-2 महीने का वेतन छोड़ रहे हैं, क्योंकि कर्मचारियों को देने के लिए वेतन नहीं है।

### तीसरी बार बन रही भाजपा की सरकार : मोहन लाल बडोली

**जन आशीर्वाद रैली** में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडोली ने कहा कि हरियाणा में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। दूसरी बार नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रदेश की जनता नायब सैनी के रूप में ऐसे मुख्यमंत्री को चुनने जा रही है जिन्होंने अपने 56 दिनों के कार्यकाल में 126 बड़े फैसले लिए। माताओं-बहनों को 500 रुपए का सिलेंडर देने का काम किया। भाजपा का संकल्प है की सरकार बनते ही युवाओं की ज्वाइनिंग करवाएंगे और महिलाओं को 2100 रुपए हर महीने देंगे। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बनते ही डबल स्पीड़ से काम कर हरियाणा को विकास की राह पर आगे लेकर जाएंगे।

# दर्दनाक : हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत, बहन झुलसी

## छत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में लोहे का पाइप छू जाने से घटी घटना, मचा कोहराम

■ महोबा

थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी में छत पर रखी तिल की फसल को लोहे के पाइप से पलटाते समय अचानक पाइप ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को छू जाने से महिला चिपक गई। पास में खड़ा पुत्र भी बचाने के चक्कर चिपक गया। उसकी चीख सुनकर दौड़ कर आई बहन को करंट लगने से वह छत पर गिरकर बेहोश हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोगों नें बिजली लाइन बंद कराने के बाद तीन को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर मां-बेटे की मौत हो गई जबकि बहन का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।



करंट से झुलसे लोगों को ट्रैक्टर से अस्पताल ले जाते ग्रामीण।

थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी निवासी रामबाई (60) पत्नी धरमजीत के छत के ऊपर से एचटी लाइन निकली हुई है। किसान ने तिल की फसल काटने के बाद छत पर सूखने के लिए रख दी थी, लेकिन अचानक दो दिन से हो रही बारिश के बाद धूप निकलने पर रामबाई लोहे का पाइप लेकर छत पर रखी तिल की फसल को पलटाने लगी उसी समय लोहे का पाइप एचटी लाइन में छुल गया, जिससे करंट लगने से वह छत पर गिर गई। थोडी दूरी पर खड़ा उसका पुत्र प्रद्युम्न यादव उर्फ ध्रुव उसे बचाने पहुंचा, तों वह भी करंट की चपेट में आकर गिर गया। ध्रुव की आवाज सुनकर उसकी बहन ऊषा पत्नी अरविंद यादव छत पर पहुंची जैसे ही उसनें भाई को पकड़ना चाहा तो उसे जोर का झटका लगा और वह छत पर गिर गई, तभी घर के लोग शोर मचाने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और बिजली विभाग को फोन करके लाइन बंद कराई। लाइन बंद होने के बाद ग्रामीणों ने मां, बेटा सहित तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण करने के बाद मां - बेटे को मृत घोषित कर दिया, जबकि ऊषा यादव को वार्ड में भर्ती किया गया, महिला का उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों का पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरु कर दी है। इस घटना से मृतकों के घर पर कोहराम मचा हुआ है।

# रेलवे ट्रैक पर पत्थर देख लोको पायलट ने लगाया इमरजेंसी ब्रेक, हादसा टला

## पुलिस नें पत्थर रखने वाले शरारती किशोर को गिरफ्तार कर किया मुकदमा दर्ज

■ महोबा

थाना कबरई के सुकौरा गांव से निकली रेललाइन पर अराजकतत्व द्वारा एक बड़ा पत्थर रख दिया गया तभी झांसी प्रयागराज पैसेंजर गाड़ी का रेल लाइन से निलने का समय हुआ और लोको पायलट की नजर ट्रैक पर रखे बड़ा पत्थर पर पड़ी और उसने सतर्कता बरतते हुए आपतकालीन ब्रेक लगाकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय और आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची आसपास के लोगों से पूछतांछ करते हुए एक किशोर को हिरासत में लिया गया। किशोर द्वारा पत्थर रखने की बात स्वीकार की गई है । पुलिस नें किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।



रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते पुलिसकर्मी।

गौरतलब है कि कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम सुकौरा में झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक के पोल नम्बर 1292/2 और 1293/3 के मध्य एक बड़ा से पत्थर रखा था, तभी ट्रेन नंबर 11801 झांसी प्रयागराज पैसेंजर का आना हुआ, लेकिन लोको पायलट ने पत्थर को देखते हुए अचानक इमजेंसी ब्रेक लगाते हुए गाड़ी रोक ली और एक बड़ा हादसे को टाल दिया। अचानक ब्रेक लगने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई जानकारी करने पर ट्रैक पर पत्थर रखा देख सभी के होश उड़ गए। लोको पायलट द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल आरपीएफ और संबन्धित थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और सबसे पहले पत्थर को ट्रैक से हटाकर ट्रेन को गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए आसपास के ग्रामीणों और चरवाहो से पूछताछ की। छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि एक किशोर संदिग्ध अवस्था में ट्रैक के पास खड़ा हुआ था, जिस पर पुलिस टीम ने किशोर को पड़क कर हिरासत में लिया और पूछताछ दौरान उसने ट्रैक पर पत्थर रखने की बात बताई। सीओ सीटी दीपक दुबे ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने वाले किशोर शरारती तत्व का है तथा कबरई क्षेत्र का रहने वाला है और वह आएदिन रेलवे ट्रैक के आसपास मवेसी चराता है, जिसे पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ धारा 327 बीएनएस और 150 रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर इस घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक की पैट्रोलिंग को बढ़ा दी है।

## हाइवोल्टेज लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

**पनवाड़ी।** ट्रैक्टर एजेंसी का बोर्ड लगाते हुए मजदूर हाइवोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद पुलिस द्वारा जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां खबर लिखे जाने तक उसकी स्थिति सामान्य बनी हुई थी। मामला कस्बा स्थित सुभाषनगर का है, जहां रविवार को छतरपुर जिला अंतर्गत गर्रा पुरवा थाना गढ़ी मलहरा निवासी 26 वर्षीय सतीश कुमार पुत्र रविंद्र सिंह यादव एक ट्रैक्टर एजेंसी का बोर्ड टांग रहा था। इसी दरमियान वह पास से निकली 11000 बोल्ट करंट की लाइन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद आस पास के दुकानदारों ने दयाल 112 और 108 को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद घटनास्थल पर डायल 112 के कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह एवं चालक रामबाबू यादव ने घायल युवक को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां तैनात डॉक्टरों द्वारा सतीश का इलाज किया गया। पुलिस द्वारा घटनाक्रम की खबर घायल युवक को परिजनों तक पहुंचाई गई है।

## जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गए आउटरीच प्रोग्राम

■ महोबा

जनपद महोबा में महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत रविवार को समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया है ।

## संक्षिप्त समाचार

### मछली पकड़ने गया युवक नदी में डूबा, लापता

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सेसा सुबकारा में एक 35 वर्षीय युवक लल्ली निषाद सुबह मछली पकड़ने यमुना नदी गया था। अचानक उसकी नाव डूब गई जिसके कारण वह लापता हो गया। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण जो तैरना जानते थे पानी में युवक की खोज में जुट गए। लेकिन अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह और एसआई शिवपूजन सरोज मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि तलाशी एवं राहत बल को सूचित कर दिया गया है और उनकी टीम जल्द ही खोजबीन शुरू करेगी। मौके पर तहसीलदार विजय कुमार यादव भी मौजूद रहे और उन्होंने आश्वासन दिया कि टीआरएफ को सूचना दी गई है, ताकि युवक को जल्द से जल्द ढूंढा जा सके।

### करंट लगने से दो की मौत, दो झुलसे

**चित्रकूट।** मऊ थानाक्षेत्र के वियावल में रविवार सुबह 6 बजे करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कोमल पुत्र रामनाथ (जाति केवट) को करंट लगा। उसे बचाने के लिए उसके सगे भाई अशोक (48) और राजेंद्र (42) दौड़े। हालांकि, दोनों भाई करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि दोनों भाई खेत में फ़सल लगाने के दौरान बिजली के करंट से उतरे तार पर आए थे। सूचना मिलते ही मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मऊ के तहसीलदार विजय कुमार यादव ने मृतकों के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। एक घायल को ग्रामीणों की मदद से मऊ सीएससी लाया गया । अन्य दो घायलों का इलाज जारी है, और उन्हें जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया गया है।

### पुरस्कार से सम्मानित होंगे उद्यमी

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमियो को पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उपरोक्तानुसार स्थापित इकाईयां अपना आवेदन पत्र 5 अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### बारिश के कारण गिरी छत, हादसे में वृद्ध की मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के रैपुरवामाफी गांव में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई। इस हादसे में 65 साल के मैयादीन और उनकी पत्नी पलंग पर सोते समय दब गए। स्थानीय लोगों ने मलबे से उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक मैयादीन की मौत हो चुकी थी। उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रातभर हुई मूसलाधार बारिश के बाद हुआ। जिससे घर के बगल का पानी तेज बहने लगा। घर की कमजोर स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। गांव के पंचायत मित्र शशि पटेल ने बताया कि लगातार बारिश के कारण घर के पास का इलाका जलमग्न हो गया था, जिससे दीवारें कमजोर हो गईं और घर गिर गया। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लेखपाल और कानूनगो ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। मैयादीन के दो बेटे हैं। जिनकी शादी हो चुकी है।

### भगवान राम की तपोस्थली पहुंचे बाहरी श्रद्धालु

**चित्रकूट।** प्रभु श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट में एक बार फ़िर से पाकिस्तानी हिंदू परिवार पहुंचे हैं। जो पाकिस्तान में हो रहे अत्याचारों से तंग आकर भारत में शरण ले रहे हैं। पाकिस्तान में मुसलमानों द्वारा जबरन गौमांस खिलाने और हिंदू महिलाओं के सिंदूर व बिंदी लगाने पर हिंसा के दबाव ने इन्हें अपने देश में असुरक्षित बना दिया था। नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन परिवारों को भारतीय नागरिकता तो मिल गई है, लेकिन रोजगार और स्थायी निवास की व्यवस्था सरकार की ओर से अभी तक नहीं की गई है। इस कारण ये परिवार चित्रकूट के कर्वी कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर गांव में अस्थायी रूप से रह रहे हैं। इनके रहने की व्यवस्था स्थानीय निवासी कमलेश कुमार पटेल ने की है। प्रशासन इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है पांच सदस्यीय इस परिवार में धर्मवीर, ननकी, चंद्रमा, प्रेमदास और एक नाबालिग लड़की शामिल है। ये लोग ब्राह्मण होने के नाते पूजा-पाठ करने और रोजगार की तलाश में चित्रकूट आए हैं। परिवार के अनुसार, हमने चित्रकूट का नाम सुना था, इसलिए यहां आ गए।करीब एक साल पहले भी एक दर्जन पाकिस्तानी हिंदू परिवार चित्रकूट आए थे, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षा के चलते एक महीने तक घर में नजरबंद रखा और फ़िर दिल्ली भेज दिया था।

# जनसुराज की राज्य कार्यवाहक समिति की घोषणा हुई।

(लोकतंत्र की शान/शाहीन सबा)

**बेतिया।** सोमवार को जनसुराज जिला कार्यालय, बनुछापर बेतिया में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनसुराज की राज्यस्तरीय कार्यवाहक समिती की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसुराज संरक्षक और जेपी सेनानी दीनानाथ प्रसाद, घोषणा जनसुराज जिला अध्यक्ष कृष्णा बिंद और संचालन संगठन महासचिव कमलेश कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संगठन महासचिव राघवेंद्र पाठक और काशी बैठा रहें। बता दें कि जनसुराज की राज्यस्तरीय कार्यवाहक समिती में पश्चिम चंपारण से 110 गणमान्य व्यक्तियों को शामिल किया गया है। जिसमें पुर्व प्रशासनिक अधिकारी ए के द्विवेदी, बिस्कोमान के पूर्व निदेशक और प्रखर कृषक नेता गिरेंद्र नाथ तिवारी, जनसुराज के पूर्व जिलाध्यक्ष बिकई महतो, चनपटिया के पूर्व उपप्रमुख राजकिशोर चौधरी, गीता ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चित्रा सिन्हा, सहोदरी देवी पूर्व जिला परिषद, शेख मुसन्निफ (सेवानिवृत प्रोफेसर), अब्बास शेख (पुर्व जिलाध्यक्ष राजद), एजाज हुसैन (पूर्व जिला परिषद), जनसूराजी अनिल सिंह, तुलसी चौधरी, मधु देवी, जवाहिर मुखिया, नंद किशोर कुशवाहा (पूर्व जिलाध्यक्ष, राजद), पूर्व सभापति चनपटिया राजेन्द्र राम समेत अन्य लोग शामिल हैं। इस कार्यक्रम में जनसुराज प्रदेश समिति से डॉ शंभू राम, काशी बैठा, जिला कार्यवाहक समिती से रश्मि राव, सिकंदर प्रसाद, जिला अभियान समिति संयोजक कुंदन पाण्डेय, अब्दुल सत्तार जिला उपाध्यक्ष के अलावा नगर अभियान समिति संयोजक तारकेश्वर प्रसाद, अभिनन्दन कुमार (अनुमंडल उपाध्यक्ष नरकटियागंज, अभय पासवान समेत सभी अनुमंडल और प्रखंड के सैंकड़ो पदाधिकारी मौजूद थे।



# पुलिस ने अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को दबोचा

■ चित्रकूट

पुलिस ने अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को दस किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सरैंया श्यामदेव सिंह ने बताया कि बीते दिन 11 बजे मुखबिर की सूचना पर मुस्लिमपुर रोड़ से अभियुक्त मुकेश कुमार वर्मा पुत्र योगेश वर्मा निवासी बहादुरपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक ट्राली बैग में 10 किलो गांजा बरामद हुआ। पूंछताछ मे बताया कि यह गांजा सतना मप्र से लाया हूं तथा कानपुर ले जा रहा हूं, कुछ देर पहले ही मानिकपुर रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा बुक करके आया हूं, बस का इंतजार कर रहा था। बरामदशुदा गांजे की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है।



## शहीद कोबरा कमांडों की प्रतिमा का एएसपी ने किया अनावरण

**बांदा।** शौर्य चक्र कोबरा कमांडों शहीद विकास कुमार की प्रतिमा का अनावरण रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने किया। वर्ष 2022 में शहीद को राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से विभूषित किया था। इस दौरान शहीद के परिजन, कोबरा बटालियन निरीक्षक और ग्रामीणों के अलावा पुलिस फोर्स मौजूद रही।



लामा गांव में शौर्य चक्र कोबरा कमांडो शहीद विकास कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया गया, इस दौरान कोबरा बटालियन के निरीक्षक व अन्य जवान उपस्थित रहे । बता दें कि शहीद विकास कुमार 23 सितंबर 2009 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। वह 18 जुलाई 2014 को 204 कोबरा वाहिनी जगदलपुर, जिला बस्तर (छत्तीसगढ़) के अतिसंवेदनशील नक्सवाद प्रभावित क्षेत्र में तैनात हुए थे। 10 फरवरी 2020 को ग्राम ईरा पल्ली जनपद बीजापुर में नक्सलवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये। शहीद के अदम्य साहस की स्मृति में राष्ट्रपति के द्वारा मई 2022 में शहीद के शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। एएसपी ने इस दौरान शहीद के परिजनों से वार्ता की और आश्वस्त किया कि पुलिस परिवार हर समय उनके साथ है।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**चित्रकूट।** रविवार को मन की बात कार्यक्रम भाजपा नेताओ ने अपने-अपने बूथो मे सुना गया।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर हम सबको नवाचार का प्रयास करना है। मन की बात पर विशेष सदस्यता अभियान में भी कार्यकर्ताओं को सहभाग करना है। पूर्व सांसद आर के पटेल ने कहा कि मोदी के मन की बात के विचार प्रेरणास्पद हैं। जिला संयोजक आलोक पाण्डेय ने कहा कि मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यम है। मन की बात कार्यक्रम जन जागरण का जीवंत आन्दोलन है। मोदी जी के अमेरिका दौरे में राष्ट्रपति बाइडेन ने 300 से अधिक प्राचीन धरोहरें भारत को वापस की हैं। यह भारत की नवीन शक्ति का परिचायक है। कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर प्रवास करके कार्यकर्ता सदस्य बनाकर भाजपा परिवार को विस्तार दें।

# हाइवे छिनैती कांड में दो आरोपित गिरफ्तार

**पनवाड़ी।** हाईवे छिनैती कांड का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चार हजार रुपए की नकदी, लूट का मोबाइल, दो तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को सीज करते हुए भरवारा गांव के 19 वर्षीय मुकेश राजपूत पुत्र गणेश राजपूत और निर्दोष खंगार पुत्र प्रकाश खंगार ( 20 वर्ष ) पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करते हुए जेल भेजा है। व्यापार मंडल ने शनिवार दोपहर घटित वारदात के चन्द घंटों के अंदर खुलासे और दोषियों की गिरफ्तारी पर पनवाड़ी पुलिस के त्वरित एक्शन की सराहना की है। क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने मामले के खुलासे के लिए अलग अलग टीमों का गठन किया था। जिसके बाद थाना प्रभारी/वरि0उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा, उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य और उ0नि0 रामकिशन यादव के नेतृत्व में का0 कौशल प्रताप, का0 मिथुन कुमार , का0 विनोद कुमार, का0 देवेन्द्र कुमार के साथ महिला आरक्षी शिवानी और चंचल द्वारा शातिरों की गिरफ्तारी और शत प्रतिशत माल की बरामदगी मुमकिन हुई।



बता दें कि रिश्तेदारी में जा रहे महोबा निवासी रजनीश तिवारी की पत्नी मंजू के साथ शनिवार दोपहर छतेसर गांव के नजदीक हाइवे पर बाइकर्स बदमाशों द्वारा छिनैती की घटना को अंजाम दिया गया था। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र भर में सनसनी फैल गई थी। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आस-पास के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया। जिसके आधार पर दोनों शातिरों की पहचान और लोकेशन सुनिश्चित की गई। इसके बाद पुलिस द्वारा बिना समय गंवाए दोनों आरोपितों मुकेश राजपूत और निर्दोष खंगार को दबोच लिया गया। आरोपितों के पास से लूटा गया बैग, जिसमें 15 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन, 4000 रुपए नकद ज्यों के त्यों बरामद किए गए। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल और दो असलहे व जिंदा कारतूस शातिरों के पास मिले। जिसके बाद अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 क्रमशः 240/24 व 241/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सुरक्षा के लिए तैनात रहेगा पुलिस बल, सीसीटीवी से होगी निगरानी

**बांदा।** नवरात्र महोत्सव के साथ विजयादशमी और दीपावली त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में दुर्गा पूजा समिति सदस्यों के साथ बैठक की। एएसपी ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहेगा और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। समिति के सदस्यों ने उनके सुझाव भी लिए गए।

बैठक के दौरान त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि इन त्योहारों के दौरान शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही, महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, यातायात प्रबंधन, और एंटी-सोशल तत्वों पर विशेष ध्यान देने की योजना पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, बैठक में सभी समुदायों से आपसी सहयोग की अपील की गई, ताकि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके। सभी सदस्यों ने पुलिस के साथ मिलकर कार्य करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहने का संकल्प लिया।



एएसपी ने अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि त्योहारों का आनंद बिना किसी बाधा के लिया जा सके। इसके साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया। बैठक के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पंकज सिंह, पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अमित सेठ (भोलू), दूर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, शोभाराम कश्यप, श्रीराम निषाद, सौरभ चौरसिया आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में शांति समिति की बैठक कर त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।


## उप कृषि निदेशक ने किसानों को बांटे प्रमाणपत्र

**चित्रकूट।** कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा में दो दिवसीय मिलेट्स बीज उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण का समापन उपकृषि निदेषक राजकुमार ने प्रशिक्षण बाद किसानो को प्रमाणपत्र देकर किया।

कृषि विभाग के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा में जिले के किसानों को दो दिवसीय बीज उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बीज उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई है। किसानों को बीज उत्पादन की व्यापक जानकारी प्रदान की है। बीज उत्पादन प्रशिक्षण गोष्ठी में चुन्नीदेवी प्रोग्रेसिव फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी चकमाली, देवबाब बायो एनर्जी नादिन कुर्मियान, महर्षि बाल्मीकि फार्मर प्रोड्यूसर रैपुरा और कर्वी आर्गेनिक के किसानों ने हिस्सा लिया है। प्रशिक्षण गोष्ठी में किसानों को बीज उत्पादन की बारीकिया बताई गई है जिससे उत्तम किस्म के बीज तैयार किये जा सके। डॉ विजय कुमार गौतम ने बताया कि बीज को किसान ही पैदा करता है पर वह अपने लिए नही बीज कंपनियों के लिए पैदा करता है। डॉ राजेंद्र सिंह नेगी ने मिलेट्स के बीज उत्पादन को लेकर खेत तैयार करने से लेकर कटाई मड़ाई और भंडारण तक की बारीक जानकारी प्रदान की है।

## सार संक्षेप

### करीना कपूर ने 'व्हाट वीमेन वांट सीजन 5' की झलकियां शेयर कीं



**मुंबई**ः बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपने आने वाले शो 'व्हाट वीमेन वांट सीजन 5' की झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। करीना कपूर इन दिनों अपने शो, 'व्हाट वीमेन वांट' के आगामी सीजन की शूटिंग कर रही हैं। करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर 'व्हाट वीमेन वांट' के सेट से अपना एक मजेदार बिहाइंड द शूट वीडियो साझा किया। इस वीडियो क्लिप की शुरुआत में करीना शूटिंग के लिए तैयार होती और अपने वैनिटी वैन से बाहर निकलते नजर आती हैं। इसके बाद करीना को आदित्य रॉय कपूर का इंटरव्यू लेने के लिए इंतजार करते देखा जा सकता है। इस दौरान वह कहती नजर आती हैं, ₹इसका शॉट लेलो।₹ इसके बाद वह भूमि पेडनेकर के गले लगती भी नजर आती हैं। भूमि भी उनके शो की मेहमानों में से एक हैं। इस पोस्ट के साथ करीना ने ब्रूनो मार्स का मशहूर गाना, अपटाउन फंक भी लगाया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आप सभी ने इसके लिए कहा था। अब जाकर मीम्स बनाएं। व्हाट वीमेन वॉन्ट सीजन 5। करीना कपूर के इस पोस्ट पर कई सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी है। कैटरीना कैफ ने भी उनके इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने द बेस्ट बताया है।

### राहुल के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर भाजपा एससी मोर्चा का प्रदर्शन

**बारां**ः राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अमरीका में दिये गये आरक्षण विरोधी बयान के खिलाफ रविवार को अंबेडकर सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा एससी मोर्चा सदस्यता अभियान के जिला संयोजक डॉ सुरेश मेघवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने अमरीका में आरक्षण विरोधी बयान दिया है कि वह सत्ता में आएंगे तो आरक्षण को खत्म कर देंगे। बारां-अटरु विरोध प्रदर्शन प्रभारी सुलोचना मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सरकारों में कभी भी संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा के चित्र को संसद में नहीं लगने दिया न ही उन्हें कभी भारतरत्न देने पर विचार किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों को केवल भूमि एवं स्थल न मानकर अपितु उनको तीर्थ स्थल का सम्मान दिया है।

### श्रीलंका के नौसैनिकों ने तमिलनाडु के 17 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)**ः श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप लगाकर तमिलनाडु के 17 मछुआरों को कथित तौर पर गिरफ्तार किया और उनके मछली पकड़ने वाले दो मशीनीकृत ट्रॉलर जब्त कर लिये। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि रामेश्वरम के थंगाचिमादम गांव के रहने वाले मछुआरों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे श्रीलंका के डेल्फ्ट द्वीप के पास समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। गिरफ्तार मछुआरों और उनके ट्रॉलरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मन्नार ले जाया गया। साथी मछुआरों की गिरफ्तारी से नाराज बड़ी संख्या में मछुआरों ने मदुरै-रामेश्वरम राजमार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिए गए सभी मछुआरों और नौकाओं को तत्काल रिहा कराने की मांग की।

### भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है: सतीश चंद्र दुबे

**औरंगाबाद**ः केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री दुबे ने औरंगाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश में कोयले की कोई कमी नहीं है और थर्मल पावर प्लांटों के पास अभी 20 से 25 दिनों का कोयले का स्टॉक रह रहा है।भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में कोयला का अब तक का सबसे ज्यादा 997 मिलियन टन उत्पादन हुआ और चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में हम इस लक्ष्य को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। दुबे ने बताया कि कोयला मंत्रालय की ओर से विद्युत क्षेत्र के लिए निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, और देश में नए सर्वे कराये जा रहे हैं।

# शाहरूख और रानी को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-अभिनेत्री का आइफा अवार्ड

● अबुधाबी,

**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़्लिम अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया।

अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिये दियाग गया। सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता( नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल ,गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल ,सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिये दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया। बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।





# हिजबुल्लाह चीफ की मिली डेडबॉडी

## नसरल्लाह के शरीर पर नहीं मिले हमले के निशान, इजराइल के हमले जारी

● नई दिल्ली, एजेंसी

**इजराइली** हमले में मारे गए हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की डेडबॉडी मिल गई है। मेडिकल और सुरक्षा टीमों ने नसरल्लाह के शव को हमले वाली जगह से बरामद किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हसन के शरीर पर हमले के सीधे निशान नहीं हैं। उसकी मौत के पीछे तेज धमाके से हुए ट्रॉमा को वजह माना जा रहा है। नसरल्लाह की शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में मौत हो गई थी। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया था। इस हमले के 20 घंटे बाद हिजबुल्लाह ने शनिवार शाम 5 बजे नसरल्लाह की मौत की पुष्टि की थी।





इधर रविवार को इजराइल ने लेबनान से सटी सीमा पर टैंक तैनात कर दिए। अलजजीरा ने इनकी तस्वीरें भी जारी की हैं। वहीं अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसे नसरल्लाह पर हमले के बारे में पता था। इजराइल ने ऑपरेशन के लिए लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने के बाद उसे जानकारी दी थी। हालांकि इजराइल ने दावा किया है कि उसने ऑपरेशन शुरू करने से पहले ही अमेरिका को संदेश भेज दिया था। दूसरी तरफ नसरल्लाह की मौत के बाद भी शनिवार को इजराइल ने लेबनान में हमले जारी रखे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन हमलों में 33 लोगों की मौत हो गई, जबकि 195 घायल हुए हैं। ठ ळ ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि नसरल्लाह को मारने के लिए 27 सितंबर को इजराइल ने 8 लड़ाकू विमान भेजे थे। इनके जरिए हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 2 हजार पाउंड के 15 बम गिराए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ये अमेरिका में बने इछव-109 बम थे, जिन्हें बंकर बस्टर भी कहा जाता है। ये लोकेशन पर अंडरग्राउंड तक घुसकर विस्फोट करने में सक्षम होते हैं। बीबीसी के मुताबिक, इजराइल और हिजबुल्लाह में 11 दिन से जारी टकराव के बीच हजारों लेबनानी बेघर हो गए हैं। यूएन एजेंसी ने लेबनान में लोगों को शरण देने के लिए 500 शेल्टर बनाए हैं। बमबारी के बीच साउथ लेबनान में बेघर हुए हजारों लोग सड़कों, कारों और पार्क में सो रहे हैं।

नसरल्लाह 1992 से ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह का चीफ था। जब उसे यह जिम्मेदारी मिली तब वह महज 32 साल का था। नसरल्लाह संगठन के फाउंडिंग मेंबर्स में से एक था। इजराइल ने 2 महीने के भीतर हिजबुल्लाह की पूरी लीडरशिप को खत्म कर दिया है।

# भारत पर कोई हमला हुआ तो पाक में घुस कर मारेंगेः राजनाथ

● श्रीनगर, वार्ता

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारा जायेगा।



सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सीमावर्ती इलाके गुएज के में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद फैल जाये। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे (पाकिस्तान) नहीं चाहते कि यहां लोकतंत्र पनपे। लेकिन लोगों का साहस देखने के बाद मुझे यकीन है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत यहां के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह एक 'नया भारत' है और आतंकवाद के खिलाफ, अगर जरूरत पड़ी तो वह सीमा पार जाकर उसका सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि और जो लोग सीमा पार से भारत को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो वे जहां भी बैठे हों, हम घुस कर मारेंगे। सिंह ने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आयी है, कश्मीर में शांति है और इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने पाकिस्तान की वित्तीय सेहत को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 में जम्मू-कश्मीर को विशेष पीएम पैकेज दिया गया था। आज पीएम पैकेज 90,000 करोड़ रुपये का है। और आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह राशि कितनी है। जिस राशि के लिए पूरा पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख मांग रहा था, हमारी सरकार ने उससे कहीं ज्यादा जम्मू-कश्मीर को दी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है।

### बस और ट्रक की टक्कर में तीन की मौत

**भभुआ**: बिहार में कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह बस और ट्रक के बीच हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी तथा 11 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बस पर सवार लोग गया से पिंडदान करने के बाद उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जा रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 2 पर बरहुली गांव के समीप बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। इस घटना में बस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गयी तथा 11 अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी हैं। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### बाढ़ में मरने वालों की संख्या हुई 100

**काठमांडू**: नेपाल में लगातार मानसून की बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के कारण रविवार तक नेपाल में 100 लोगों की मौत हो गयी और 67 अन्य लापता हैं। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली। मीडिया आउटलेट 'हिमालयन' ने बताया कि देश भर में देर से मानसून के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 100 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 67 लापता बताए जा रहे हैं। इसके अलावा इस आपदा में 100 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार, ललितपुर में 20, धाडिंग में 15, काठमांडू में 12, कावरे में 10, मकवानपुर में सात, सिंधुपालचोक में छह, सोलुखुम्बु में पांच, पंचथर में पांच और भक्तपुर में पांच लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि दोलखा में तीन, सिंधुली में दो, धनकुटा में दो आदि मौत हुई है।

### फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर**: पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में एक गिरोह सक्रिय है, जो फर्जी डिग्रियों का धंधा कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने पुष्कर गोयल और वरिंदर कुमार पुत्र गुरचरण निवासी मोता सिंह नगर, जालंधर को गिरफ्तार किया गया है।




रविवार को तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर के इष्टदेव की पूजा करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़।

# 'बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के लिए भाजपा जिम्मेदार'

### भाजपा के पास पिछले पांच-छह सालों में दिखाने के लिए कुछ नहीं हैः उमर


● श्रीनगर, वार्ता

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को पूरे जम्मू क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।



अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण जम्मू में यह स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में संवाददाताओं से कहा कि हर दिन चिनाब, पीर पंजाल, रियासी, जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों जैसे इलाकों में आतंकवादी हमलों की खबरें आती हैं। भाजपा सरकार की लापरवाही और खराब शासन के कारण यात्रियों पर हमले सहित यह स्थिति पैदा हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के पास पिछले पांच-छह सालों में दिखाने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच-छह वर्ष में उनके शासन के दौरान क्या हुआ, उनके पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है। कोई वास्तविक विकास नहीं होने के कारण वे नेकां और कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आठ अक्टूबर को अगली सरकार नेकां और कांग्रेस गठबंधन बनायेगी तथा कोई और सरकार नहीं बना पायेगा। जम्मू-कश्मीर में तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए प्रचार आज समाप्त हो जाएगा और मंगलवार को सात जिलों कुपवाड़ा, बारामुला, बांदीपोरा, उधमपुर, कठुआ, सांबा और जम्मू की 40 सीटों पर मतदान होगा। लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सुप्रीमो हसन नसरल्लाह की हत्या पर श्री अब्दुल्ला ने कहा कि वह पिछले एक साल से इजरायल द्वारा बमबारी और बल प्रयोग का हमेशा विरोध करते रहे हैं तथा बार-बार मांग करते रहे हैं कि इसे रोका जाना चाहिए।

# देश में २० हजार भाषायें और बोलियां हैः पीएम मोदी








● नई दिल्ली, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश में लगभग 20 हजार भाषायें और बोलियां हैं और ये सब किसी न किसी की मातृ भाषा में है।

मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि सभी बच्चें अपनी मातृ भाषा को आसानी से और जल्दी सिखाता है। देश में लगभग बीस हजार भाषाएं और बोलियाँ हैं और ये सब की सब किसी-न-किसी की तो मातृ-भाषा है ही हैं। कुछ भाषाएं ऐसी हैं जिनका उपयोग करने वालों की संख्या बहुत कम है लेकिन उन भाषाओं को संरक्षित करने के लिए, आज, अनोखे प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी ही एक भाषा है 'संथाली' भाषा। 'संथाली' को डिजिटल इनोवेशन की मदद से नई पहचान देने का अभियान शुरू किया गया है। 'संथाली', देश के कई राज्यों में रह रहे संथाल जनजातीय समुदाय के लोग बोलते हैं। भारत के अलावा बंगलादेश, नेपाल और भूटान में भी संथाली बोलने वाले आदिवासी समुदाय मौजूद हैं। संथाली भाषा की ऑनलाइन पहचान तैयार करने के लिए ओडिशा के मयूरभंज में रहने वाले रामजीत टुडु एक अभियान चला रहे हैं।रामजीत जी ने एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां संथाली भाषा से जुड़े साहित्य को पढ़ा जा सकता है और संथाली भाषा में लिखा जा सकता है। दरअसल कुछ साल पहले जब रामजीत जी ने मोबाईल फोन का इस्तेमाल शुरू किया तो वो इस बात से दुखी हुए कि वो अपनी मातृभाषा में संदेश नहीं दे सकते। इसके बाद वो 'संथाली भाषा' की लिपि 'ओल चिकी' को टाईप करने की संभावनाएं तलाश करने लगे। अपने कुछ साथियों की मदद से उन्होंने 'ओल चिकी' में टाईप करने की तकनीक विकसित कर ली। आज उनके प्रयासों से 'संथाली' भाषा में लिखे लेख लाखों लोगों तक पहुँच रहें हैं।

उन्होंने कहा कि ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है - कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है कि इस साल 3 अक्टूबर को जब 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे। तब नवरात्रि का पहला दिन होगा।



पेरिस के सैले वग्राम में प्रिंस कुंग के पैलेस फैशन शो के दौरान क्रिएशन पेश करती एक मॉडल।

# कैसे समृद्धि से गर्त में गया बंगाल

भारत की आजादी के बाद पश्चिम बंगाल देश के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक योगदानकर्ताओं में से एक था। 1960-61 में राज्य का भारत की जीडीपी में 10.5 प्रतिशत योगदान था जो उसे तीसरे स्थान पर रखता था। इससे आगे सिर्फ उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र था। पश्चिम बंगाल की आर्थिक समृद्धि की जड़ें कोलकाता में थीं जो उस समय भारत का एक प्रमुख औद्योगिक केन्द्र था। यहां जूट, इस्पात, वस्त्र, और रसायन उद्योग का प्रभुत्व था। 1960-61 में पश्चिम बंगाल की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत का 127.5 प्रतिशत थी लेकिन इसके बाद राज्य की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे कमजोर होती चली गई। 1990-91 तक इसका भारत की जीडीपी में हिस्सा घटकर 7.9 प्रतिशत रह गया। 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भी जब देश के अन्य राज्य तेजी से विकास कर रहे थे तब भी पश्चिम बंगाल तरक्की की राह नहीं पकड़ सका। पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक कम्युनिस्ट पार्टी ने शासन किया। पश्चिम बंगाल की दीदी बनकर उभरीं ममता बनर्जी ने कम्युनिस्ट पार्टी को उखाड़ फेंका और अब उन्हें खुद शासन करते हुए 13 साल से अधिक का समय हो चुका है। इन 13 वर्षों में भी वहां की परिस्थितियों नहीं बदली हैं क्योंकि ममता सरकार भी कम्युनिस्टों की ही राह पर चल रही हैं। पश्चिम बंगाल में न तो कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और न ही आर्थिक स्तर पर तरक्की हो रही है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल एवं आकांक्षा अरोड़ा की 'रिलेटिव इकोनॉमिक परफॉर्मेंस ऑफ इंडियन स्टेटस 1960-71 टू 2023-24' की रिपोर्ट पर गौर करें तो यह बात और भी पुख्ता हो जाती है कि पश्चिम बंगाल लगातार गर्त में जा रहा है। यह रिपोर्ट बताती है कि फिलहाल (2023-24 में) पश्चिम बंगाल का भारत की जीडीपी में हिस्सा सिर्फ 5.6 प्रतिशत रह गया है। यह देश के विकास में पश्चिम बंगाल की कम होती भागीदारी की ओर एक बड़ा इशारा है। पश्चिम बंगाल की आर्थिक गिरावट के पीछे कई कारण हैं। सबसे प्रमुख कारणों में से एक है राजनीतिक हिंसा और औद्योगिक ठहराव। साल 1970 के दशक से पश्चिम बंगाल में औद्योगिक अशांति, हड़तालें और राजनीतिक अस्थिरता का दौर शुरू हुआ। जिसने निवेशकों को हतोत्साहित किया और कई उद्योग बंद हो गए। राज्य में लंबे समय तक चली वामपंथी नीतियों को भी इसका एक बड़ा कारण माना जाता है। ये नीतियां श्रमिकों की सुरक्षा और शोषण को रोकने के उद्देश्य से बनाई गई थीं लेकिन उन्होंने उद्योग के खिलाफ वातावरण बना दिया। जिससे कई औद्योगिक व्यवसाय बंद हो गए या अन्य उन राज्यों में शिफ्ट हो गए। जहां व्यापार के लिए बेहतर माहौल है। पश्चिम बंगाल 1991 के आर्थिक सुधारों को अपनाने में भी धीमा रहा जबकि दक्षिण और पश्चिम के राज्यों ने इन सुधारों का फायदा उठाकर औद्योगिकीकरण और सर्विस क्षेत्रों में काफी तरक्की की। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल का पूरा विकास पिछड़ गया। जिससे नए व्यवसायों को आकर्षित करने की क्षमता भी जाती रही।

## संतवाणी



कभी मत सोचिये कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है, ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है, अगर कोई पाप है, तो वो यही है, ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं।

– **स्वामी विवेकानंद**, आध्यात्मिक गुरु

इंडिया गेट से

# कांग्रेस की शह से जामा मस्ज़िद पर शाह बुखारी का कब्जा



**शाहीन सबा**

पिछले सप्ताह वक्फ संपत्ति को लेकर कई खबरें सुर्खियां बनी क्योंकि संसद की जेपीसी देश के विभिन्न हिस्सों में जा कर आम लोगों और वहां की राज्य सरकारों की राय ले रही है। जवाहरलाल नेहरू, नरसिंह राव और मनमोहन सिंह ने वक्फ बोर्डों को असीमित अधिकार देते समय ऐसी रायशुमारी नहीं की थी। इसका नतीजा यह निकला कि सत्ता का नाजायज फायदा उठाते हुए कांग्रेस सरकारों ने हिन्दू विरोधी बिल संसद से पास करवा लिया। जिस क़ानून से देश में व्यापक प्रभाव पड़ता हो, उन कानूनों को बनाते समय इस तरह की प्रक्रिया अपनाना जरूरी होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार चाहती तो वह भी बहुमत के बूते वक्फ संशोधन बिल को पास करवा कर उस गलती को सुधार लेती, जो कांग्रेस की तीन सरकारों ने देश की 80 प्रतिशत आबादी के खिलाफ क़ानून बनाकर की थी।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी वक्फ संशोधन बिल जेपीसी को भेजने का श्रेय ले रहे हैं। वह दावा कर रहे हैं कि मोदी प्रधानमंत्री भले ही बन गए हैं, लेकिन सरकार और संसद उनके इशारों पर चलती है, वह जिस भी बिल को चाहे रुकवा सकते हैं, जिस भी बिल को चाहे पास करवा सकते हैं। हालांकि सच है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने न तो अपने सहयोगी जेडीयू और टीडीपी के दबाव में बिल जेपीसी को भेजा है, न ही राहुल गांधी या तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विपक्ष के अन्य दलों के दबाव में , बल्कि वक्फ बोर्ड पर देश भर में व्यापक बहस करवाने और कांग्रेस सरकारों की जन विरोधी गलतियों को देश की जनता के सामने लाने के इरादे से बिल जेपीसी को भेजा है। सरकार ने जब लोकसभा में बिल पेश किया, तो हाथों हाथ जेपीसी का प्रस्ताव भी लेकर आई। सरकार के लिए जरूरी नहीं था कि वह एआईएमआईएम के एकमात्र सांसद को जेपीसी का सदस्य बनाती, लेकिन सरकार ने ऐसी जेपीसी बनाई, जिसमें उसे स्पष्ट बहुमत भी नहीं बनता। आज तक कोई भी ऐसी जेपीसी नहीं बनी थी, जिसमें सरकार का बहुमत नहीं रहा हो। सरकार जेपीसी के माध्यम से सारे मुस्लिम संगठनों और विरोधी दलों को देश की जनता के सामने बेनकाब कर रही है, क्योंकि जैसे जैसे बहस आगे बढ़ रही है, हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं कि वक्फ बोर्ड कैसे कैसे हिन्दुओं की संपत्तियों पर कब्जे कर के बैठा हुआ है, और कैसे कैसे उन मन्दिरों पर दावा ठोक रहा है, जो इस्लाम बनने से भी पुराने है। इसी दौरान यह बात सामने आ रही है कि कैसे प्रभावशाली धनाढ्य मुसलमानों ने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जे कर रखे हैं, जबकि नियम यह है कि वक्फ की संपत्ति से होने वाली आमदनी गरीब मुसलमानों के विकास पर खर्च की जानी चाहिए। वक्फ बोर्डों पर भी चंद प्रभावशाली लोगों का कब्जा है, जो वक्फ की संपत्तियों का अपने पारिवारिक हित में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी बीच दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित जामा मस्जिद का मामला भी चर्चा में आ गया। कायदे से पौने चार सौ साल पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद एतिहासिक महत्व की संरक्षित इमारत घोषित हो जानी चाहिए थी। रिकार्ड में वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है, लेकिन वक्फ बोर्ड के कब्जे में ही नहीं है। जामा मस्जिद पर बुखारी परिवार ने कब्जा कर रखा है। आज़ादी के बाद सरदार पटेल ने 562 रजवाड़ों की राजशाही खत्म करवा दी थी, इंदिरा गांधी ने उनको दिए जाने वाले प्रिवीपर्स खत्म कर दिए थे। मुगलों के बाद अंग्रेज भी आ कर चले गए लेकिन जामा मस्जिद पर एक बुखारी परिवार का कब्जा बरकरार है। मुगल राज की समाप्ति के बाद जामा मस्जिद का इमाम खुद को शाही इमाम लिखने लगा। देश की आज़ादी के बाद बुखारी परिवार चावल एक्सपोर्ट का धंधा करके अरबों की कमाई कर रहा है। आज़ादी के बाद जैसे दूसरी मस्जिदों को वक्फ बोर्ड के हवाले किया गया, वैसे ही जामा मस्जिद भी वक्फ बोर्ड की प्रापर्टी हो गई। रिकार्ड में वक्फ बोर्ड जामा मस्जिद के इमाम को 8 हजार वेतन देता है, लेकिन वह जामा मस्जिद का इमाम घोषित नहीं कर सकता। बुखारी परिवार का इमाम ही अपने बड़े बेटे जो नायब इमाम घोषित करता है और अपने जीते जी उसे इमाम बना देता है। नए इमाम की ताजपोशी किसी बादशाह की ताजपोशी से कम नहीं होती। 2014 में सैयद अहमद बुखारी ने अपने बेटे की इमाम पद पर ताजपोशी के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तो न्योता नहीं भेजा था, लेकिन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को न्योता भेजा था, जबकि इस नवंबर में बुखारी परिवार के 20वें इमाम की ताजपोशी के समय भारत-पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों को न्योता भेजा गया है, तो जामा मस्जिद पर कब्जे का विवाद फिर सुर्ख़ियों में आया। वक्फ बोर्ड सरकारों से मांग करता रहा है कि वह जामा मस्जिद को बुखारी परिवार से मुक्त करवाए, जो वक्फ बोर्ड कांग्रेस सरकारों के आशीर्वाद से देशभर के हिन्दुओं की संपत्तियों पर कब्जा कर रहा है, वह खुद की संपत्ति पर कब्जा करने में असमर्थ है, तो इसके पीछे भी कांग्रेस का हाथ है, जामा मस्जिद के शाही इमाम पर जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा और सोनिया गांधी तक बुखारी परिवार को संरक्षण देते रहे हैं। इंदिरा ने मस्जिद के चारों तरफ वक्फ बोर्ड की ओर से गरीब मुसलमानों को रोजी-रोटी के लिए किराए पर दी गई दुकानों को जबरदस्ती खाली करवा कर शाही इमाम के हवाले कर दिया था, जिसके बदले में शाही इमाम मुसलमानों से कांग्रेस को वोट देने की अपील किया करते हैं। आपातकाल में क्यों मुसलमानों पर भी बहुत अत्याचार हुए थे। इसलिए 1977 के चुनावों में शाही इमाम अब्दुल्ला बुखारी ने जनता पार्टी को वोट देने की अपील की थी। सत्ता से बाहर होने के बाद इंदिरा गांधी ने 1980 के चुनावों में अब्दुल्ला बुखारी को लिखित में दस वादे करके कांग्रेस के पक्ष में फतवा जारी कराया था। 2014 के चुनाव में भी जब हिन्दू नरेंद्र मोदी के पक्ष में लामबंद हो रहे थे, शाही इमाम की सोनिया से मुलाक़ात हुई थी और इस मुलाक़ात के बाद जामा मस्जिद के इमाम ने कांग्रेस के पक्ष में फतवा जारी किया था। 2014 के चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में फतवा जारी करने से पहले जामा मस्जिद के इमाम ने सोनिया से मुलाक़ात के दौरान चार मांगें रखी थीं, जिन्हें सोनिया ने स्वीकार कर लिया था। पहली मांग यह थी कि आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार सभी मुस्लिमों को छोड़ा जाए। दूसरी मांग थी- मुसलमानों को शिक्षा के क्षेत्र में आरक्षण दिया जाए। तीसरी मांग थी-सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफारिशें लागू की जाएं और चौथी मांग थी- सांप्रदायिक हिंसा विरोधी बिल को पास करवाया जाए। यह बहुत ही खतरनाक और हिन्दू विरोधी बिल था, जिसे सोनिया की एनएसी ने बनवाया था, लेकिन देशभर में कड़े विरोध के बाद मनमोहन सरकार ने बिल पास करवाने का इरादा छोड़ दिया था। जब देशभर में वक्फ बोर्डों के अधिकारों की चर्चा हो रही है। उसी समय जामा मस्जिद का मामला दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा है। असल में 2018 में अजय गौतम ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी कि जामा मस्जिद को अब तक ऐतिहासिक महत्व की संरक्षित इमारत घोषित क्यों नहीं किया गया। जब मुकद्दमा शुरू हुआ तो पता चला कि संस्कृति मंत्रालय और आर्कोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने 2003 में जामा मस्जिद को संरक्षित इमारत घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन 2004 में उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया था और अपनी नोटिंग में लिखा था कि जामा मस्जिद को संरक्षित इमारत घोषित न किया जाए। कथित रूप से सोनिया-मनमोहन ने जामा मस्जिद के इमाम को आश्वासन दिया था कि जामा मस्जिद को संरक्षित इमारत घोषित नहीं किया जाएगा। मनमोहन ने इमाम को आश्वासन की चिठ्ठी भी लिखी थी। अब ये सारी बातें हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान खुल रही हैं। आर्कलोजिकल सर्वे आफ इंडिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में लिख कर दिया था कि पीएम मनमोहन ने 20 अक्टूबर 2004 को लिखित में दिया था कि जामा मस्जिद को एतिहासिक महत्व की संरक्षित इमारत घोषित न किया जाए। पिछली दो तारीखों में हाईकोर्ट ने आर्कलोजिकल सर्वे आफ इंडिया से सबूत माँगा है कि मनमोहन ने ऐसा आदेश दिया था, लेकिन आर्कलोजिकल सर्वे आफ इंडिया उस दस्तावेज को सरकार कोर्ट में पेश नहीं कर रही, जिस पर मनमोहन ने दस्तखत किए थे। अब हाईकोर्ट ने तीसरी बार आख़िरी मौक़ा दिया है। संस्कृति मंत्रालय को भी नोटिस दिया है कि वह उस दस्तावेज को पेश करे। गत दिनों प्रकाश में आया था कि 2008 में सोनिया गांधी नेहरू संग्रहालय से नेहरू-पटेल-जयप्रकाश नारायण के बीच हुए पत्र व्यवहार के दस्तावेजों से भरे 51 बक्से उठा कर ले गई थी, जिन्हें प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय ने सोनिया को चिट्ठी लिखकर वे सारे दस्तावेज वापस देने को कहा है। अब जबकि आर्कलोजिकल सर्वे आफ इंडिया माँगा गया दस्तावेज कोर्ट में पेश करने में असमर्थ है, तो हो सकता है कि 2014 के चुनावों से पहले कई मंत्रालयों से भी कई फाइलें चोरी की गई हों।

विदेशी अखबारों के झरोखे से

# मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति कब ?



डॉ. सुब्रतो गुहा

**क्रान्ति का जोश है कहां? :** भारत के आंध्रप्रदेश राज्य के प्रसिद्ध तिरूपति हिन्दू मंदिर के प्रसाद में गाय एवं सूअर की चर्बी तथा मछली का तेल मिले होने का समाचार प्रसारित होते ही समूचे भारत के हिन्दू समुदाय में हंगामा मच गया है। राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट दिखाते हुए मीडिया को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जगमोहन रेड्डी के शासनकाल में तिरूपति के विश्व प्रसिद्ध बालाजी मंदिर के प्रसाद में हिन्दू धर्म में निषिद्ध उक्त सामग्री का मिश्रण किया गया जो निरंतर जारी रहा। जगमोहन रेडडी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने चाचा एवं अन्य रिश्तेदारों को तिरुमला वेंकटेश्वरा मंदिर न्यास में अध्यक्ष तथा सदस्य की जिम्मेदारी सौंपकर हिन्दू मंदिर में यह दुष्कृत्य करवाया।

– **साउथ चायना** मोर्निंग पोस्ट हांगकांग

**टिप्पणी :-** उल्लेखनीय तथ्य यह है कि आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों-राजशेखर रेडडी तथा उनके पुत्र जगनमोहन रेडडी- ने सनातन हिन्दू धर्म त्याग कर धर्मांतरण कर लिया, परंतु अपना पूर्ववर्ती हिन्दू नाम परिवर्तित नहीं किया, ताकि हिन्दू और ईसाई दोनों वोट मिलते रहे। तिरुपति मंदिर न्यास का अध्यक्ष भी उन्होंने अपने गैर हिन्दू चाचा सुब्बा रेडडी को 2019 में नियुक्त कर दिया, जिनका असली नाम है यहोवा विन्सेन्ट सुब्बा रेडडी/साथ ही कई अन्य गैर हिन्दुओं को मंदिर के साथ ऐसा ही सेकुलर प्रयोग सन् 2017 में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया जब उन्होंने प्रसिद्ध व विशाल तारकेश्वर शिव मंदिर बोर्ड कर अध्यक्ष अपने मुस्लिम मंत्री फिरहाद हाकिम को बनवा दिया। यह सब इसलिए सम्भव होता है क्योंकि भारत के महान सेकुलर प्रधानमंत्री नेहरू ने सन 1957 में हिन्दू रिलिजियस एल्ड चेरिटेबल एनडाउमेंट एक्ट द्वारा हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में करवा दिया, जबकि मुस्लिम धर्मस्थलों का नियंत्रण मुस्लिम वक्फ बोर्ड के पास और ईसाई धर्मस्थलों का नियंत्रण क्रिश्चियन डायोसीज के पास रहा। वैसे एक प्रश्न यह है कि सन 1857 में रायफल के कार्तुज में गाय की चर्बी मिले होने का विरोध कर हिन्दू सैनिकों ने ब्रिटिश शासन के विरूद्ध क्रान्ति की थी तो अब तिरुपति मंदिर के प्रसाद में गाय की चर्बी का विरोध कर समग्र हिन्दू समाज हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति का क्रान्ति कब करेगी?

**खून और पानी कैसे हो साथ?-** भारत ने पाकिस्तान को औपचारिक संदेश भेजकर लिखित सूचना दी है कि उन्नीस सौ साठ (1960) में भारत-पाकिस्तान द्वारा हस्ताक्षरित सिन्ध नदी जल समझौते में परिवर्तित किया जाएगा। भारत ने इस प्रस्तावित भारी परिवर्तन के पीछे जनसंख्या में वृद्धि से अधिक जल की आवश्यकता पर्यावरणीय परिवर्तन और अन्य ततवों को मुख्य कारण बताया है। **-अल जजीरा,** दोहा कतर

**टिप्पणी-** दिनांक उन्नीस सितम्बर उन्नीस सौ साठ को पाकिस्तान के कराची शहर में पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह अयूब खान तथ्झा कर्ण से भी बड़े दानवीर भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने सिन्धु नदी जल समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के अनुसार भारत से निकलने वाली छः नदियों के जल बंटवारे का निर्धारण हुआ-भारत को तीन नदियों-रावी, सतलज और ब्यास का जल मिलेगा-जबकि पाकिस्तान को तीन नदियों- सिन्धु, चिनाब और झेलम का जल मिलेगा। ऊपरी तौर पर बराबरी के बंटवारे के पीछे खेल यह हुआ कि पाकिस्तान के हिस्से में तीन बड़ी नदियां और भारत के हिस्से में तीन छोटी नदियों का जल आया। इसके फलस्वरूप छः नदियों के ककुल जल का अस्सी प्रतिशत पाकिस्तान के तथा बीस प्रतिशत भारत के हिस्से में आया-जबकि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नदी जल बंटवारे में सर्वाधिक जल का हिस्सा उस देश को मिलता है-जहां से उस नदी का उद्गम होता है। दानवीर नेहरू महान है।

**आहट विश्वयुद्ध की-** इस्राइलीसेना आई.डी.एफ. द्वारा लेबनान में आतंकी संगठन हिजबुल्ला पर निरंतर बमबारी से हिजबुल्ला के अनेक ठिकानों के नष्ट होने के साथ ही उनके अनेक आतंकी कमांडर मारे गए हैं। पूरा लेबनान खंडहर बनता जा रहा है। अब प्रबल संभावना है कि अपने पालतू आतंकी संगठनों-हिजबुल्ला और हमास-को पूर्ण विनाश से बचाने हेतु ईरान को मजबूरन इस्राईल के विरूद्ध युद्ध के मैदान में उतरना पड़ेगा। यदि ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके नियंत्रण से हिजबुल्ला व हमास बाहर हो जाएंगे। **-हारेटज,**तेल अवीव इस्राईल

**टिप्पणी-** इस्राईली प्रधानमंत्री बेनजामिल नेतनयाहू ने ठान लिया है कि इस्राईल के दुश्मन हिजबुल्ला मुखिया हसन नसरल्लाह तथा हमास मुखिया याहया सिनवार एवं उनके सभी आतंकी साथियों के विनाश तक युद्ध नहीं रुकेगा। फिर भले ही ईरान के युद्ध में कूदने से विश्वयुद्ध ही क्यों न हो जाए। नेतनयाहू नेहरूजी जैसे गांधीवादी नहीं है जिन्होंने अक्टूबर उन्नीस सौ सैतालीस में जम्मू कश्मीर में लगातार जीतते और पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे खदेड़ते विजयी भारतीय सैनिकों के कदमों को रुकवाकर एक तिहाई जम्मू कश्मीर पाकिस्तान को दिलवाकर अहिंसा की नई गाथा रची थी।

**(लेखक अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक हैं)**

कश्मीर चुनाव

# कश्मीर में राजनेताओं को राष्ट्र विरोधी बनाती सत्ता लिप्सा



अवधेश कुमार

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दो चरण समाप्त हो चुके हैं, परिणाम जो भी आये, वहां से काफी चिंताजनक और भविष्य की दृष्टि से डरावने संकेत मिल रहे हैं। लंबे समय से वहां की राजनीति में स्थापित प्रमुख पार्टियां नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी तथा हाल में खड़ी जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी आदि द्वारा उठाए जा रहे विषय और मुद्दे देश की एकता-अखंडता और जम्मू कश्मीर में शांति व्यवस्था की दृष्टि से बिल्कुल अस्वीकार्य होना चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने अब संसद हमले के अभियुक्त अफजल गुरु की फांसी को भी चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि अफजल गुरु की फांसी में जम्मू सरकार की मंजूरी की जरूरत पड़ती तो हम नहीं देते। वे यही नहीं रुके और कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसे फांसी देने से कोई उद्देश्य पूरा हुआ है। हमने कई बार देखा है कि फांसी की सजा दे दी जाती है और बाद में यह पता चलता है कि व्यक्ति निर्दोष था। यह भारत की न्याय व्यवस्था के साथ संपूर्ण सत्ता के विरुद्ध बयान है। अफ़ज़ल गुरु के भाई एजाज अहमद गुरु ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करते ही पार्टियों ने यह राग अलापना शुरू कर दिया। महबूबा मुफ्ती अफजल गुरु की फांसी को अन्याय बताती रही हैं और उनकी प्रतिक्रिया भी यही है। ज्यादातर नेता जम्मू कश्मीर और इंडिया शब्द बोलने लगे हैं। यानी जम्मू कश्मीर और इंडिया या भारत दो अलग-अलग एंटायटी हैं। मेहबूबा मुफ्ती ने जमात ए इस्लामी से प्रतिबंध हटाकर उसे चुनाव लड़ने की अनुमति देने की मांग की है। जैसी जानकारी है प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के सदस्य




निर्दलीय नामांकन कर रहे हैं। ये सारी पार्टियां पाकिस्तान के एक पक्ष होने से लेकर धारा 370 हटाने के पूर्व स्थिति बहाली के साथ भारत से स्वायत्त और अनेक मामलों में स्वतंत्र अवस्था में होने का वायदा कर रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र में इन बातों के साथ शंकराचार्य पर्वत को तख्त ए सुलेमान और हरी पर्वत को कोहे मारन नाम देने की घोषणा है। नेशनल कांफ्रेंस की चर्चा इसलिए कि देश में ऐसी छवि बनाई गई कि यह पार्टी और अब्दुल्ला परिवार अन्यों से ज्यादा लिबरल और भारत समर्थक है। आप पार्टियों के घोषणा पत्र, उनके भाषणों के स्थानीय समाचार पत्रों ,वेबसाइटों आदि से जानकारी लें तो पता चल जाएगा कि चुनाव में क्या हो रहा है। अफजल गुरु 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हमले के दो दिनों बाद 15 दिसंबर को गिरफ्तार हुआ। 18 दिसंबर, 2002 को अफजल गुरु, एसआर गिलानी और शौकत हसन गुरु को फांसी की सजा दी गई तथा एक आरोपी अहसान गुरु को बरी किया गया। 4 अगस्त, 2005 को उच्चतम न्यायालय ने अफजल गुरु की सजा को बनाए रखा तथा शौकत हसन गुरु की फांसी की सजा 10 साल कठोर कारावास में परिणत कर दिया। न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर , 2006 को अफजल गुरु को फांसी देने का आदेश दिया। अफजल गुरु की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अंतिम दया याचिका भी 12 जनवरी, 2007 को खारिज हो गई। काफी समय तक उसे फांसी नहीं चढ़ाने पर आम लोगों और भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया और काफी बहस चली। 23 जनवरी, 2013 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अफजल गुरु की दया याचिका खारिज कर गृह मंत्रालय को वापस भेज दिया। यह इतना बड़ा मुद्दा बन गया था कि कांग्रेस को लगा कि चुनाव में लेने के देने पड़ सकते हैं। तब 9 फरवरी, 2013 को तिहाड़ जेल में सुबह अफजल को फांसी दे दी गई। इनका जिक्र इसलिए जरूरी है कि देश के ध्यान में रहे कि न्यायिक प्रक्रिया के सारे विकल्प अपनाने के बावजूद लंबे समय बाद वह फांसी पर चढ़ा। उसे आज अगर जम्मू कश्मीर में पार्टियां मुद्दा बना रही हैं तो कल्पना कर सकते हैं कि वहां ये किस तरह का माहौल बना रहे हैं। क्या यह संसद हमले को सही ठहराना नहीं है? क्या यह आतंकवादी के कृत्य का समर्थन नहीं है?इन सबसे परे मुख्य प्रश्न यह है कि आखिर इससे जम्मू कश्मीर का वातावरण कैसा बनाने की कोशिश हो रही है? वैसे इसमें आश्चर्य की भी कोई बात नहीं है क्योंकि जम्मू कश्मीर की ये पार्टियां तभी से अफजल गुरु की फांसी का विरोध करती रही है। उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री थे और विधानसभा में चर्चा में अफजल को निर्दोष कहा गया तथा फांसी के विरुद्ध प्रस्ताव पारित हुआ। जम्मू कश्मीर को हिंसा में झोंकने की कोशिश हुई सरकार मूकदर्शक बनी रही। आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस के साथ चुनावी गठजोड़ है और उसी के कार्यकाल में फांसी की सजा हुई पर वह इसके विरुद्ध वक्तव्य देने से भी बच रही है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

विचार बोध

# धर्म चर्चा का नहीं, चर्या का विषय



राजकुमार जैन

धर्म और अधर्म, इन दो शब्दों के निहितार्थ समझने में हमारी गहरी दिलचस्पी हमेशा से रही है, इन विषयों के प्रति हमारी जिज्ञासा अनन्तकाल से निरन्तर है । कहने को तो ये सिर्फ दो शब्द हैं 'धर्म और अधर्म' लेकिन अपने आप में बहुत गहरे और गू? अर्थ छुपाए हुए हैं यह दो शब्द । इस संसार में ना जाने कितने पंथ है, अनगिनत सम्प्रदाय है, बहुसंख्य विचारधारायें हैं लेकिन बिना किसी किस्म के भेद के इन दो शब्दों का उपयोग सभी करते हैं, इन दो शब्दों की महिमा अपरंपार है यह नस्ल, रंग, जाति, भाषा, देश, सम्प्रदाय आदि सभी प्रकार के विभाजक शब्दों से ऊपर है और तो और इन दो शब्दों के प्रति हर व्यक्ति की अवधारणा भी जुदा है। जबसे मानव सभ्यता अस्तित्व में आई है तब से लेकर आज तक विभिन्न सम्प्रदायों के विचारकों ने ना जाने कितने ग्रन्थ लिख डाले हैं इन दो शब्दों की व्याख्या करने में और इस तकनीक के जमाने में ना जाने कितने पेटाबाइट का डाटा टेक्स्ट, आडियो और वीडियो के रूप में उपलब्ध है लेकिन मानव सभ्यता के अभ्युदय से आज तक हजारों वर्ष बीत जाने के बाद भी इन दो शब्दों की कोई भी एक सर्वमान्य परिभाषा का चयन नहीं हो सका है । आईये देखते हैं धर्म के बारे में क्या कहा जाता है : धर्म का शाब्दिक अर्थ : ध + ॅ + म = धर्म। ध देवनागरी वर्णमाला 19वां अक्षर और तवर्ग का चौथा व्यंजन है। भाषाविज्ञान की दृष्टि से यह दन्त्य, स्पर्श, घोष तथा महाप्राण ध्वनि है। संस्कृत (धातु) धा+ड विशेषण-धारण करने वाला, पकड़ने वाला होता है, अर्थात जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है। धारण करने योग्य क्या है? सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, क्षमा आदि।...बहुत से लोग कहते हैं कि धर्म के नियमों का पालन करना ही धर्म को धारण करना है जैसे ईश्वर प्राणिधान, पूजन, व्रत, तीर्थ यात्रा, दान, पर्व, यज्ञ, पूजा पाठ, 16 संस्कार और धर्म प्रचार आदि।...लेकिन उक्त सभी कार्य व्यर्थ है यदि आप सत्कर्म के मार्ग पर नहीं चल रहे हो...धर्मग्रंथ में लिखा है जिस तरह अच्छा पेड़ अच्छा फल लाता है और बुरा पेड़ बुरा फल लाता है, उसी तरह अच्छे कर्मों का नतीजा अच्छा होता है और बुरे कर्मों का नतीजा बुरा होता है जो लोग ईमान लाए और नेक पर अमल किए और अपने परवरदिगार के आगे आजिजी (याचना) की, वही साहिबे-जन्नत (स्वर्ग के अधिकारी यानी पात्र ) हैं। सब्र और सदात से सत्कर्म की सीख मिलती है, मगफिरत (मोक्ष) के लिए त्वा (संयम/सत्कर्म) जरूरी है। मगफिरत या मोक्ष की बात सभी मजहबों/धर्मों में कही गई है। जैसे जैन धर्म में मोक्ष के लिए 'रत्नत्रय' अर्थात सम्यक दर्शन-सम्यक ज्ञान-सम्यक चरित्र। सनातन धर्म में सदाचार यानी सत्पुरुषार्थ, सतचिंतन, सत ध्यान, कर्म, ज्ञान, भक्ति इसी प्रकार ईसाई धर्म में हॉली ड्यूटीज एंड मर्सी फॉर दा सेल्वेशन आफ सोल की अहमियत है। 'ना तू हिंदू बनेगा ना मुसलमान बनेगा इंसान की औलाद है इंसान बनेगा' सही मायने में ये गीत धर्म का ही संदेश देता है। धर्म चर्चा का नहीं, बल्कि चर्या का विषय है। धर्म एक रथ है, जिसकी मंजिल ईश्वर की प्राप्ति है। दया, प्रेम, आस्था और भक्ति उस रथ के पहिए हैं। सद्विचार, संकल्प, साधन और सत्कर्म उसके घोड़े हैं। सत्य और ज्ञान उसके दो प्रकाशदीप धर्म के लिए कर्म बहुत जरुरी है, गीता में कहा गया है कि 'न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत?। कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥' कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, विधि का विधान है कि मानव को जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत कुछ-न-कुछ कर्म करते रहना पड़ता है, यहां तक कि अगर आप चाहें तो भी कर्म करने से खुद को रोक नहीं सकते। कर्म से मतलब सिर्फ शारीरिक क्रिया से ही नहीं है। आप शरीर से कर्म करते हैं, मन से कर्म करते हैं, अपनी भावना से कर्म करते हैं, यहां तक कि आप अपनी ऊर्जा के स्तर पर भी कर्म करते हैं। हर वक्त आप कोई ना कोई शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक क्रिया निरन्तर करते रहते हैं। इसलिए धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य को हर क्षण सत्कर्म में ही व्यतीत करना चाहिए। सत्कर्म करते रहने में ही जीवन की सार्थकता है। जब व्यक्ति निष्ठापूर्वक सत्कर्म करता है। जब वह दया, प्रेम, करुणा आदि गुणों को जीवन में अमल में लाकर मानव सेवा में तत्पर होता है। जो कार्य मानवता के कल्याण के लिए हो, उसी का दूसरा नाम धर्म है। जो व्यक्ति धार्मिक है, जिसकी वृत्तियां श्रेष्ठ हैं उसे परमात्म की अनुभूति में देर नहीं लगती है। धर्म है गिरतों को उठाना, भूखे को भोजन कराना, प्यासे को पानी पिलाना। धर्म वह नहीं, जो सिर्फ धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ के द्वारा ही दिख सकता है, बल्कि इसे नित्यप्रति के जीवन में उतारना आवश्यक है। मानव सेवा करना मानव धर्म है तो वहीं राष्ट्र के प्रति समर्पित होना राष्ट्र धर्म है। एक धर्म गृहस्थ का भी है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, 'युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु ' यानी बुद्धिमान को उचित जीवनचर्या एवं पुरुषार्थ में लगे रहना चाहिए। एक क्षण भी आलस्य, प्रमाद, भोग या किसी अन्य प्रकार के दुष्कर्म में कदापि नहीं खोना चाहिए।

**(लेखक यातायात प्रबंधन मित्र हैं)**

CMYK

## सार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय बने राज्य ओलंपिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को रविवार को राज्य ओलंपिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन कर नई जिम्मेदारी दी गई। साय ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि आज राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष बैठक में शामिल हुआ। बैठक में ओलंपिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मुझे नई जिम्मेदारी मिली। इस अवसर पर साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों को नया आयाम देने के लिए हम सब मिलकर टीम भावना के साथ काम करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य में खेलों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों के हित में हमारी सरकार की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है।

### मैराथन में रोहित, मदीना, अजीत और खुशबु ने मारी बाजी

**उदयपुर** : राजस्थान के उदयपुर में आयोजित हिन्दुस्तान जिक की वेदांता जिंक सिटी हॉफ मैराथन के विजेता रोहित, मदीना, अजीत, खुशबु को जिक पदक से नवाजा गया।

सवेरे जब इस मैराथन में शामिल होने वाले धावकों का जन समूह इसके उद्गम स्थल फिल्ड क्लब के लिए निकला तो शहर में हर तरफ दौड़ की ही चर्चा थी। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड आयोजित मैराथन के पहले संस्करण में देश और दुनिया के एथलीट सहित भारतीय शीर्ष धावकों ने भाग लिया। मैराथन को उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत, विधायक उदयपुर शहर ताराचंद जैन, हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन का उद्देश्य रन फॉर जीरो हंगर था। इस मैराथन को तीन श्रेणियों 21 किमी, 10 किमी और पांच किमी के साथ इस आयोजित किया गया था। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण हिंदुस्तान जिंक के प्रमुख जीवन तरंग कार्यक्रम के तहत 100 से अधिक दिव्यांग लोगों द्वारा प्रतिभागी बनना था, जिनका उत्साह वहां मौजुद हर व्यक्ति ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। पुरुष वर्ग में 21 किलोमीटर की कड़ी प्रतिस्पर्धा में रोहित बंसीवाल ने जीत हासिल की, जबकि विक्टर कुरगट ने प्रथम रनर अप और गोपाल बैरवा ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में मदीना पॉल ने जीत हासिल की, जबकि सोनल सुखवाल ने प्रथम रनर अप और खुशी पाहवा ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 10 किलोमीटर की चुनौती में अजीत कुमार ने जीत हासिल की, जबकि गणपत सिंह ने प्रथम रनर अप और दुर्गेंद्र ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में खुशबू ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सपना कुमारी ने प्रथम रनर अप और सुनीता गुर्जर ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक फिनिशर को हिंदुस्तान जिंक द्वारा उत्पादित बेहतरीन जिक से बना पदक दिया गया।

### रोहित बोले-उम्र के कारण टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास नहीं लिया




**कानपुर** : टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 से लिए रिटायरमेंट को लेकर कहा है कि टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की वजह उम्र नहीं थी, अभी भी तीनों फॉर्मेट खेल सकता हूं। एक यूट्यूब चैनल को दिए गए इंटरव्यू में रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के बारे में कहा कि मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। टी-20 क्रिकेट से इसलिए संन्यास लिया है क्योंकि इस फॉर्मेट में मेरा समय पूरा हो गया था। रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को दी गई थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से जब यूट्यूब के चैनल की एक वीडियो में उनके रिटायरमेंट को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नहीं मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहा हूं और टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के पीछे कारण ये था कि मैनें उस फॉर्मेट में अपना समय पूरा कर लिया था। मुझे इस टी-20 में खेलने में मजा आया मैनें 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीता और आगे बढ़ने का वहीं सबसे अच्छा समय था क्योंकि कई ऐसे युवा खिलाड़ी हैं जो भारतीय टीम में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

# अनकैप्ड प्लेयर बनकर खेल सकेंगे धौनी

## आईपीएल टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेंगी, मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड भी मिलेगा




● मुंबई,

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेंगी। इनमें 5 इंटरनेशनल और एक अनकैप्ड प्लेयर शामिल हो सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धौनी बतौर अनकैप्ड प्लेयर बनकर आईपीएल खेल सकेंगे।

यह जानकारी बीसीसीआई ने आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की एनुअल मीटिंग के बाद दी। अब टीमों की पर्स लिमिट भी 100 करोड़ से बढ़ाकर 120 करोड़ रुपये कर दी गई है। टीमों को मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड भी मिलेगा। एक टीम स्क्वॉड के ज्यादा से ज्यादा 6 प्लेयर्स को रिटेन कर सकती है। इससे केकेआर, हैदराबाद, चेन्नई, राजस्थान और मुंबई इंडियंस जैसी स्टेबल टीमों को फायदा होगा। बोर्ड के सेक्रेटरी जय शाह ने साथ ही इम्पैक्ट प्लेयर रूल भी लीग में बना रहेगा। मेगा ऑक्शन इसी साल नवंबर में हो सकता है, जिसकी तारीखें तय होनी बाकी हैं। 2022 के मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली को सबसे ज्यादा 17 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। आईपीएल टीमें अगर मेगा ऑक्शन से पहले 5 इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटेन करती हैं तो उनके पर्स में 45 करोड़ रुपये ही बचेंगे। जिससे उन्हें बाकी 20 खिलाड़ी खरीदने होंगे। रिटेन हुए खिलाड़ियों में 2 प्लेयर्स 18-18 करोड़ रुपये, 2 प्लेयर्स 14-14 करोड़ और 1 प्लेयर 11 करोड़ रुपये में टीम का हिस्सा बनेगा। अनकैप्ड खिलाड़ी को 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया जा सकेगा। यानी टीमें अगर 5 इंटरनेशनल प्लेयर्स को रिटेन करती हैं तो उन्हें 75 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे, इससे उनके पास 45 करोड़ रुपये बचेंगे। अनकैप्ड प्लेयर भी किसी भी




देश का हो सकता है। 6 रिटेन प्लेयर्स में टीमें चाहें तो 2 अनकैप्ड भी शामिल कर सकती हैं। 6 प्लेयर्स रिटेन करने पर टीमों को 79 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे, इससे टीमों के पास 41 करोड़ रुपए ही बचेंगे। आईपीएल मेगा ऑक्शन में हर बार विदेशी और भारतीय प्लेयर रिटेन करने की लिमिट तय होती थी, हालांकि इस बार विदेशी और भारतीय प्लेयर्स को रिटेन करने की कोई लिमिट नहीं है। फ्रेंचाइजी चाहें तो पांचों भारतीय या पांचों विदेशी प्लेयर्स को भी रिटेन कर सकती हैं। विदेशी खिलाड़ी को मेगा ऑक्शन में रजिस्ट्रेशन कराना ही होगा। अगर प्लेयर ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उन्हें अगले साल आईपीएल में भी शामिल नहीं किया जाएगा। विदेशी खिलाड़ी अगर ऑक्शन में बिकने के बाद आईपीएल से नाम वापस लेते हैं तो उन्हें अगले 2 ऑक्शन से बैन कर दिया जाएगा। अगर किसी भारतीय खिलाड़ी ने 5 साल पहले आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला हो, तो उन्हें ऑक्शन में

**विदेशी खिलाड़ी अगर ऑक्शन में बिकने के बाद आईपीएल से नाम वापस लेते हैं तो उन्हें अगले 2 ऑक्शन से बैन कर दिया जाएगा**

अनकैप्ड प्लेयर के रूप में गिना जाएगा। 5 बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धौनी अनकैप्ड प्लेयर बनकर आईपीएल खेल सकेंगे। आईपीएल ने अपने पिछले नियम को फिर से शामिल करने का फैसला किया है। जिसमें 5 साल पहले इंडियन टीम से रिटायर होने वाले खिलाड़ी ऑक्शन में बतौर अनकैप्ड प्लेयर बनकर शामिल हो सकेंगे। धौनी ने 2020 में संन्यास लिया था, लेकिन उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 में खेला था। इस तरह 2025 के आईपीएल तक उनके रिटायरमेंट और आखिरी मैच दोनों को 5 साल से ज्यादा का समय हो जाएगा। इस नियम का इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया, जिस कारण 2021 में इसे हटा दिया गया। हालांकि अब धौनी के लिए चेन्नई इस नियम को यूज कर सकती है। आईपीएल मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड की भी वापसी हो रही है। टीमें अगर किसी प्लेयर को रिटेन नहीं कर पाती हैं, तो उन्हें मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड का इस्तेमाल कर अपने साथ रख सकेंगी। टीमें चाहें तो सभी 6 प्लेयर्स को रिटेन कर सकती हैं या फिर कुछ प्लेयर रिटेन करने के साथ कुछ को राइट टु मैच कार्ड से स्क्वॉड में रख सकती हैं। अगर टीमें चाहें तो एक भी खिलाड़ी रिटेन न कर सभी 6 प्लेयर्स को राइट टु मैच कार्ड के जरिए भी खरीद सकती हैं।

# गीले मैदान के कारण तीसरे दिन का खेल रद

● कानपुर, ब्यूरो

**भारत** और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में रविवार को मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल रद घोषित कर दिया गया।

अम्पायर और अधिकारियों ने दो बजे फिर पिच और मैदान का निरीक्षण करने के बाद मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल रद कर दिया। कानपुर में रात भर बारिश हुई थी लेकिन सुबह से बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई और धूप खिलने पर पिच और मैदान से कवर हटाये गये। रविवार को कम से कम तीन निरीक्षण हुए हैं। पहले एक या दो घंटे के लिए ग्राउंड स्टाफ मैदान को सुखाने की प्रयास किया था। मौसम विभाग के अनुसार चौथे दिन धूप खिली रखने रहेंगी। आज समय से पूर्व भी शुरु किया जा सकता है। हालांकि बारिश के कारण तीन दिन खेल बाधित और रद रहा। अगर आज खेल शुरु होता है तो मैच में कुछ भी हो सकता है। इससे पहले दो बार पिच और मैदान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टैंड में बहुत सारे प्रशंसक मैच के शुरु होने का इंतजार करते देखेग गये। उम्मीद की जा रही कि जल्द ही कुछ धूप दिखेगी। शनिवार को टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया था। बारिश और खराब मौसम के कारण पहले दिन भी सिर्फ 35 ओवर फेंके जा सके थे जिसमें बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट खोकर 107 रन बनाये थे। कल रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश का क्रम आज सुबह करीब 11 बजे थम गया था हालांकि बीच बीच में हल्की बौछारों ने कवर को हटाने का मौका नहीं दिया। मैदानी अंपायरों ने दोपहर दो बजे मैदान का आखिर बार निरीक्षण किया।






## भारतीय महिला और पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**लीमा, वार्ता :** भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

# मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तान की सिलेक्शन कमेटी से दिया इस्तीफा

● कराची,

**मोहम्मद** यूसुफ ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के सिलेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूसुफ ने निजी जिम्मेदारियों पर ध्यान देने के लिए नेशनल सिलेक्शन कमेटी के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया है।

बोर्ड ने लिखा कि पीसीबी सिलेक्शन कमेटी के सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मोहम्मद यूसुफ के अमूल्य योगदान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता है। यूसुफ पीसीबी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, हाई परफॉरमेंस सेंटर में बल्लेबाजी कोच के रूप में अनुभव को साझा करेंगे।

इंग्लैड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दिया इस्तीफा

यूसुफ ने यह फैसला इंग्लैड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लिया। पाकिस्तान और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 7 अक्टूबर से शुरू होगी। सिलेक्टर रहने से पहले यूसुफ पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच भी रह चुके हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद यूसुफ को सिलेक्शन कमेटी में



**निजी कारणों से लिया फैसला पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच भी रह चुके**

बरकरार रखा गया था। यूसुफ उस पैनल का हिस्सा थे जिसने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम को सिलेक्ट किया था। पाकिस्तान को पहली बार बांग्लादेश के हाथों टेस्ट में हार मिली। यूसुफ ने पाकिस्तान के लिए 90 टेस्ट, 288 वनडे और 3 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

# डीपीएल : गढ़वाल हीरोज ने नेशनल यूनाइटेड एफसी को हराया

● नई दिल्ली,

**गत** विजेता गढ़वाल हीरोज ने बड़ी जीत का सिलसिला बनाए रखते हुए रविवार को नेशनल यूनाइटेड एफसी को 5-1 से पीट कर तीसरी डीपीएल में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में गढ़वाल के लिए मैन ऑफ द मैच मुस्तफा शेख ने दो और ईशानबोल, भारत मेहरा और कप्तान निर्मल सिंह बिष्ट ने एक एक गोल जमाए। पराजित टीम का गोल व्यूमिनलीन हाओलाई ने किया। दिन के दूसरे मैच में तरुण सांघा ने यूनाइटेड भारत एफसी पर 3-1 की जीत के साथ पूरे अंक पाए। विजेता टीम के गोल साकिर अली, अबॉय सिंह और मांगली थांग ने जमाए। पराजित यूनाइटेड भारत का इकलौता गोल ललखनलेन के नाम रहा। गढ़वाल ने दो मैच जीत कर अंक तालिका में पहला। स्थान बना लिया है। ग्यारह गोल उसके खाते में दर्ज हो चुके हैं। तरुण सांघा की जीत नाटकीय रही। विजेता टीम ने एक के बाद एक तीन दर्शनीय गोल कर यूनाइटेड भारत को हैरान कर दिया। लेकिन उस समय जबकि विजेता टीम बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही थी



यकायक यूनाइटेड भारत के खिलाड़ी जैसे नींद से जाग गए और भूल सुधार करते हुए यूनाइटेड भारत ने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी। 15 मिनट में दनादन तीन गोल जमाने के बाद तरुण संघा ने खेल पर मजबूत पकड़ बना ली। लेकिन शेष खेल में विजेता टीम कोई गोल नहीं जमा पाई। एक समय मुट्ठीभर फुटबाल प्रेमी मैदान छोड़ने का मन बना चुके थे । उन्हें डीपीएल की सबसे बड़ी हार सामने दिखाई दे रही थी लेकिन यूनाइटेड भारत हरकत में आई और शर्मनाक हार टालने में सफल रही।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड पर किया क्लीन स्वीप

## निशान ने झटके छह विकेट, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट में को पारी और 154 रन से हराया

● गॉले,

**श्रीलंका** ने न्यूजीलैंड को गॉले टेस्ट में पारी और 154 रन से हरा दिया। रविवार को न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 360 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने 2 मैच की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। श्रीलंकाई टीम ने पहला टेस्ट इसी मैदान पर 63 रन से जीता था।

गॉले इंटरनेशनल स्टेडियम में कीवियों ने चौथे दिन की शुरूआत 199/5 के स्कोर से की। टीम ने आखिरी 5 विकेट 161 रन बनाने में गंवा दिए। मिचेल सेंटनर ने 67 रन बनाए। टॉम ब्लंडेल ने 60, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने 78 रन की पारी खेली। निशान पेइरिस ने 6 विकेट लिए। प्रबथ जयसूर्या को 3 विकेट मिले। एक दिन पहले शनिवार को न्यूजीलैंड की पहली पारी 88 रन पर ऑलआउट हो गई थी और श्रीलंका को 514 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद कप्तान डी सिल्वा ने न्यूजीलैंड को फॉलो-ऑन दिया। श्रीलंकाई टीम ने पहली पारी 602/2 रन पर पहली पारी डिक्लेयर




की थी। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी की शुरूआत खराब रही। टीम ने अपना पहला विकेट शून्य के स्कोर पर खो दिया। इसके बाद कॉन्वे ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए, 62 गेंद में 61 रन की पारी खेली। उनके अलावा केन विलियमसन ने 46 रन बनाए। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 108 गेंद पर 97 रन जोड़े। इसके बाद क्रीज पर मौजूद टॉम ब्लंडेल और ग्लेन फिलिप्स ने छठे विकेट के लिए 84 गेंद पर 78 रन बनाए। श्रीलंका से निशान पेइरिस ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जबकि कप्तान डी सिल्वा और प्रबथ जयसूर्या को 1-1 विकेट मिला। तीसरा दिन पहला सेशन श्रीलंका के स्पिनर प्रबथ जयसूर्या के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं टिक सके। टीम ने अपने आखिरी 8 विकेट मात्र 66 रन पर गवां दिए। जयसूर्या ने 18 ओवर की गेंदबाजी में 6 मेडन डालते हुए 42 रन देकर 6 विकेट लिए। पहले इनिंग के आधार पर श्रीलंका को 514 रन की बढ़त मिली।

जिससे श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने न्यूजीलैंड को फॉलो-ऑन दे दिया है। इससे पहले शुक्रवार को श्रीलंका से कामिंडु मेंडिस ने 182 रन की नॉटआउट पारी खेली, इसी के साथ उन्होंने टेस्ट में 1000 रन भी पूरे कर लिए। कामिंडु अपने करियर की 13वीं पारी ही खेल रहे हैं। वह सबसे कम पारियों में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया के डोनाल्ड ब्रैडमैन की बराबरी पर पहुंच गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)